# देशबन्धु

स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं

वर्ष – 34 । अंक – 226 । भोपाल, मंगलवार 15 अगस्त 2023 । पृष्ठ–20 । मूल्य – 3.00 रुपए


पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया

## हिमाचल में भूस्खलन से 40 की मौत



**शिमला, देशबन्धु।** हिमाचल प्रदेश में गत 24 घंटों में बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की फिर से हुई घटनाओं के कारण राज्य में 40 लोगों की मौत हो गई है तथा कई लोगों मलबे में दबे होने की आशंका है।

सूत्रों के अनुसार राज्य में ऑरेंज अलर्ट की घोषणा तथा बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की ताजा घटनाओं में बड़े पैमाने पर जानमाल के नुकसान और सम्भावित त्रासदी को देखते हुये राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने 15 अगस्त को राजभवन में होने वाला एट होम कार्यक्रम स्थगित कर दिया है। अब सिर्फ ध्वजारोहण ही होगा। राज्यपाल स्वयं भूस्खलन घटनास्थलों पर पहुंचे जहां कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि राजभवन में केवल ध्वजारोहण ही होगा। 'एट-होम' कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है।

### भूस्खलन की चपेट में आया शिव मंदिर

राज्य के शिमला, सोलन, मंडी, कांगड़ा और चम्बा जिलों में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं ने कहर बरपा दिया है। शिमला में भूस्खलन की दो और सोलन में बादल फटने की ताजा घटनाओं में कई लोगों की मौत हो गई। शिमला के समरहिल इलाके में भूस्खलन की चपेट में आने से एक शिव मंदिर ढह गया था और अनेक लोग मलबे में दब गए। सोमवार होने के चलते सोमवार के दिन मंदिरों में श्रद्धालुओं सामान्यत: काफी भीड़ रहती है।

वहीं फागली क्षेत्र में भी भूस्खलन होने से वहां अनेक घर दलदली मलबे के चपेट में आ कर बह गये तथा अनेक लोगों के इसके नीचे दबने की आशंका है। समरहिल में तीन बच्चों और एक महिला समेत छह तथा फागली में अब तक पांच शव निकाले जा चुके हैं। इनमें एक बच्चे का सिर धड़ से अलग पाया गया। दोनों जगहों पर जिला प्रशासन की टीमें, राष्ट्रीय आपदा राहत बल, सामाजिक संगठनों तथा स्थानीय लोगों की मदद से राहत एवं बचाव कार्य जारी है। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह ने भी समरहिल पहुंच कर स्वयं स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि लोगों की सुरक्षा को लेकर प्रतिबद्ध है। उन्होंने वरिष्ठ अधिकारियों तथा जिला उपायुक्तों से भी राज्य में ताजा प्राकृतिक आपदा के कारण उत्पन्न स्थिति की समीक्षा की है।

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर बोली राष्ट्रपति

## हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ रहा देश

**नई दिल्ली, एजेंसियां।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि भारत विकसित राष्ट्र बनने के लिए सभी मोर्चों पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और मुश्किल समय में जहां अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं वहीं भारतीय अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरे देशों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है।

श्रीमती मुर्मु ने 77वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर सोमवार को राष्ट्र को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि दी और कहा, स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर, मैं भारत के नागरिकों के साथ एकजुट हो कर सभी ज्ञात और अज्ञात स्वतंत्रता सेनानियों को कृतज्ञतापूर्वक श्रद्धांजलि अर्पित करती हूं। उनके असंख्य बलिदानों से, भारत ने विश्व समुदाय में अपना स्वाभिमान-पूर्ण स्थान फिर से प्राप्त किया। स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति के योगदान का उल्लेख करते हुए



**हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है, बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है: द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति**

### राष्ट्रपति मुर्मू स्वतंत्रता संग्राम में नारी शक्ति के योगदान का भी किया उल्लेख

उन्होंने कहा मातंगिनी हाजरा और कनकलता बरुआ जैसी वीरांगनाओं ने भारत माता के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। मां कस्तूरबा, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के साथ कदम से कदम मिलाकर सत्याग्रह के मार्ग पर चलती रहीं। सरोजिनी नायडू, अम्मू स्वामीनाथन, रमा देवी, अरुणा आसफ-अली और सुचेता कृपलानी जैसी अनेक महिला विभूतियों ने अपने बाद की सभी पीढ़ियों की महिलाओं के लिए आत्म-विश्वास के साथ, देश तथा समाज की सेवा करने के प्रेरक आदर्श प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं विकास और देश सेवा के हर क्षेत्र में बढ़-चढ़कर योगदान दे रही हैं तथा राष्ट्र का गौरव बढ़ा रही हैं। महिलाओं ने ऐसे अनेक क्षेत्रों में अपना विशेष स्थान बना लिया है जिनमें कुछ दशकों पहले उनकी भागीदारी की कल्पना भी नहीं की जा सकती थी।

श्रीमती मुर्मु ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों को पूरा करने तथा विकसित राष्ट्र बनने के लिए देश हर मोर्चे पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और दूसरे देशों के लिए भी उम्मीद की किरण बनकर सामने आया है। उन्होंने कहा, हमारा देश सभी मोर्चों पर अच्छी प्रगति कर रहा है। मुश्किल दौर में भारत की अर्थव्यवस्था न केवल समर्थ सिद्ध हुई है बल्कि दूसरों के लिए आशा का स्रोत भी बनी है। विश्व की अधिकांश अर्थव्यवस्थाएं नाजुक दौर से गुजर रही हैं।

### शुभकामनाएं

देशबन्धु के सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

**- संपादक**


### अवकाश सूचना

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर देशबन्धु कार्यालय में 15 अगस्त को अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 17 अगस्त को प्रकाशित होगा।

**- प्रबंधक**

धूमधाम से मनाया जाएगा स्वतंत्रता दिवस

## राज्यपाल राजभवन में, मुख्यमंत्री प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में झंडावंदन करेंगे





**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश भर में स्वतंत्रता दिवस मंगलवार को धूमधाम के साथ गरिमामय तरीके से मनाया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर प्रदेश भर की शासकीय इमारतों में आकर्षक विद्युत साज-सज्जा की गई है, कई आयोजन हो रहे हैं। इस अवसर पर राजधानी भोपाल सहित प्रदेश भर में जगह-जगह ध्वजारोहण किया जाएगा। राजभवन में राज्यपाल मंगु भाई पटेल ध्वजारोहण करेंगे।

वहीं मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान लाल परेड मैदान में सुबह 9 बजे आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में झंडावंदन करेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय धुन, परेड सलामी और परेड निरीक्षण होगा। जबकि विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम नवगठित जिला मऊगंज में झंडावंदन करेंगे। मध्यप्रदेश विधानसभा परिसर स्थित विधानसभा सचिवालय में विधानसभा के सचिव अवधेश प्रताप सिंह तिरंगे को सलामी देंगे।

इसी प्रकार प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ सुबह साढ़े 8 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इधर प्रदेश भाजपा कार्यालय में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा और प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराएंगे। विधानसभा सचिवालय प्रांगण में प्रमुख सचिव एपी सिंह ध्वजारोहण करेंगे। प्रदेश के सभी जिलों में भी झंडा वंदन किया जाएगा और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया जाएगा। मंत्री अपने-अपने गृह जिले में तिरंगा फहराएंगे करेंगे, जबकि शेष जिलों में कलेक्टर तिरंगे को सलामी देंगे।

### प्रदेशवासियों को आजादी के पर्व की शुभकामनाएं दी

**भोपाल, देशबन्धु।** आज़ादी के पर्व पर राज्यपाल मंगूभाई पटेल, मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने प्रदेशवासियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

राज्यपाल श्री पटेल ने आजादी के लिए अपने प्राणों का उत्सर्ग करने वाले क्रांतिकारियों देशभक्तों और वीर शहीदों को नमन किया है। उन्होंने अपने सन्देश में कहा है कि स्वतंत्रता का दिन शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेने और नए क्षितिज की ओर बढ़ने को प्रेरित करता है। राज्यपाल ने नागरिकों से अपील की है कि सबका साथ-विश्वास-प्रयास से सबका विकास के सरकार के प्रयासों में योगदान दें। उन्होंने कहा कि आजादी का अमृत काल, राष्ट्र-सेवा का कर्तव्य काल बन गया है। आईए हम सभी इस अमृतकाल में विकास के प्रकाश को वंचित वर्ग तक पहुंचाने और उनके जीवन को खुशहाल बनाने के प्रयासों में सहभागी बनें। वहीं विधानसभा अध्यक्ष गिरीश गौतम ने 77 वें स्वतंत्रता दिवस पर बधाई दी है। उन्होंने अपने संदेश में लोगों की खुशहाली और कल्याण की कामना की। श्री गौतम ने कहा कि हम सभी अमृत महोत्सव मना रहे हैं। यह समय हमारी स्वाधीनता और पिछले साढ़े 7 दशकों की उपलब्धियों पर गौरव करने का समय है। अमर शहीदों का बलिदान हमारे लिए प्रेरणादायी है। जबकि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने 77वें स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्र की स्वतंत्रता के 76 वर्ष पूर्ण होने की मंगलमय बेला में सबका रोम-रोम उत्साहित है। हम ऊर्जा और उल्लास से भरे हुए हैं। आजादी के लिए न जाने कितने भारतवासियों ने जीवन का बलिदान किया। आज हम उन सभी ज्ञात-अज्ञात सेनानियों का स्मरण करते हुए नमन करते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश ने विकास के कई क्षेत्रों में कदम बढ़ाए हैं। हम अनेक योजनाएं लागू कर महिलाओं और बेटियों के सम्मान और स्वास्थ्य की रक्षा कर पाने में सफल हुए हैं। विकास के अन्य क्षेत्रों में भी मध्यप्रदेश काफी आगे है। इधर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने स्वतंत्रता दिवस के शुभकामना संदेश में कहा कि स्वतंत्रता दिवस खुशियों और उमंग के साथ-साथ उन लाखों स्वतंत्रता सेनानियों को याद करने का भी दिन है।

## प्रदेश के 20 पुलिस अधिकारियों को राष्ट्रपति पदक देने की घोषणा

**भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश पुलिस के कर्तव्यनिष्ठ चार अधिकारी व कर्मचारियों को वीरता पदक एवं 20 अधिकारी व कर्मचारियों को विशिष्ट तथा सराहनीय सेवा के लिए वर्ष 2023 के राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान करने की घोषणा की गई है। पुलिस महानिदेशक सुधीर सक्सेना ने इन सभी अधिकारी व कर्मचारियों को पदक मिलने की घोषणा होने पर हार्दिक बधाई दी है। पदकों का वितरण अगले साल के स्वतंत्रता दिवस समारोह यानि 15 अगस्त 2024 को किया जाएगा।

पुलिस का वीरता पदक अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, उप निरीक्षक रामपदम शर्मा, सहायक उप निरीक्षक आशीष शर्मा तथा आरक्षक रमेश विश्वकर्मा को देने की घोषणा की गई है। राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आशुतोष राय, अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक/ओएसडी ए.साईं मनोहर, पुलिस उपायुक्त मनीष कपूरिया एवं निरीक्षक इंदौर अशोक कुमार रघुवंशी को देने की घोषणा की गई है।

सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक सहायक पुलिस महानिरीक्षक मलय जैन, पुलिस अधीक्षक रीवा सुरेन्द्र कुमार जैन, उप पुलिस महानिरीक्षक मनोज कुमार श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर पंकज कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक भोपाल प्रणय कुमार नागवंशी, पुलिस अधीक्षक ग्वालियर रामेश्वर सिंह यादव, एसओ टू डीजीपी पुलिस मुख्यालय संदेश जैन, उप पुलिस अधीक्षक उज्जैन अजय कैथवास, निरीक्षक (एम) विशेष शाखा भोपाल सुनील कुमार राय, उप निरीक्षक (एम) भोपाल डी.पी. सक्सेना, आरक्षक इंदौर मोहन लाल सिंह तिवारी, प्रधान आरक्षक छिंदवाड़ा केशव राव इंगले, प्रधान आरक्षक ग्वालियर अशोक सिंह भदौरिया, प्रधान आरक्षक उज्जैन राम रतन नंदेड़ा, आरक्षक सागर रमेश जोशी एवं उप पुलिस अधीक्षक उज्जैन सुनील कुमार तलन को दिया जाएगा। अगले साल 15 अगस्त को इन सभी को अलंकरण समारोह में ये पदक सौंपे जाएँगे।










स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



जिला रेशम अधिकारी
नर्मदापुरम






समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जिला परिवहन अधिकारी
नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
संचालक
नर्मदा अपना अस्पताल
नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
मध्य प्रदेश स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पो.
क्षेत्रीय कार्यालय, नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला विपणन अधिकारी
नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



जल संसाधन
विकास विभाग
नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला खनिज अधिकारी
नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



अनुविभागीय अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
नर्मदापुरम



समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
उप संचालक
कृषि एवं किसान विकास विभाग,
नर्मदापुरम



समस्त प्रदेशवासियों को
स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
हर घर तिरंगा
सौजन्य : जिला प्रशासन, नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



संचालक
सतपुड़ा टाइगर रिजर्व
होशंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



मुख्य चिकित्सा एवं
स्वास्थ्य अधिकारी
नर्मदापुरम



स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
जिला आबकारी अधिकारी
नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं



प्राचार्य
शासकीय नर्मदा महाविद्यालय
नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ
शासकीय उत्कृष्ट उ.मा. विद्यालय केसला

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
ज्ञानसिंह जुनेजा
राजेश मालवीय खन्ना पेट्रोल पंप, पथरोटा

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी (सामान्य)
केसला (सुखतवा)

गुरयानी
परिवार की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
For Generation Next.....
Sonu Bittu FASHION
प्रो. कन्हैया गुरयानी
MAIN MARKET, ITARSI PH. 07572-470231, M. 9300698000

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी (सामान्य)
वन विभाग इटारसी

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी चूरना
सतपुड़ा टाईगर रिजर्व
नर्मदापुरम

हर घर तिरंगा अभियान
13 अगस्त से 17 अगस्त तक
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
जॉयस सॉलोमन प्राचार्य
एवं समस्त स्टॉफ
शास. उच्च. माध्य. शाला, जमानी

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाएं
वन परिक्षेत्र अधिकारी
कार्यालय सुखतवा-कालाआखर
वन परिक्षेत्र सुखतवा (कालाआखर सामान्य)

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सरपंच-पूजा उइके
सचिव-अभिलाषा मलैया
ग्राम पंचायत देहरी
जनपद पंचायत केसला

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डेल्टा लाल पैथोलॉजी सेंटर
सभी पैथोलॉजिकल जांचें क्वालिटी कंट्रोल के अंतर्गत की जाती है।
6260610923
HOME COLLECTION FACILITY AVAILABLE
संचालक - बृजेश गुप्ता
मोबा. 98262 85314, 6260610923

आज़ादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर आप सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वंदे मातरम्
पं. मूलचंद केसरीचंद सर्राफ
रजत ज्वेलर्स
सराफा बाजार, इटारसी

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
इंडियनऑयल IndianOil
अशोक अग्रवाल, संचालक
इंडियन ऑयल पेट्रोल पम्प
खेड़ा, इटारसी

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
अपने आसपास स्वच्छता रखें,
और स्वस्थ्य रहें
डॉ.मनोज
ग्राम धाँई, ग्राम पंचायत बाबईखुर्द

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
Admission Open Now Session 2023-24
शिक्षा और अनुशासन
Rainbow
PLAY & PUBLIC Hr. Sec. SCHOOL
Your Kid's Needs On Overall Development
- Well Qualified & Dedicated Teaching Staff.
- Inspiring faculty for the students of 9th to 12th Class.
- Providing Computer Knowledge from Class 1st.
- Child Centric Curriculum.
- Activity Room for Tiny-Tots.
- Audio-Visual & Play way method of teaching.
- Dance, Music, Sports & Other activities Classes.
- Reasonable fees Structure.
- CCTV Surveillance.
- Transport Facility.

We Guarantee your Child's "Strong Foundation"
Maths, Bio Humanities Commerce
NUR. LKG, UKG Class 1st to 12th
rainbowschoolitarsi Director Neelesh Jain Principal Smt Gunjan Jain
NUR to Class 12th
Enquiry Time : 9 am to 1:30pm
Opt. Sai ki Bagiya, Nyas Colony, ITARSI 9826365431

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रशासक-श्रीमती विनीता चौधरी
सहा. प्रबंधक-केवल राम गौर
सेवा सहकारी समिति
मर्या. जमानी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक-हार्दिक शुभकामनाएं
Regd. No. 1184/92 Dise Code 23370322412 School Code 672065
Late Shri D.P. Dubey Memo. H.Sec. School
CLASS 12th ACHIEVERS
PALAK UMARIYA COMMERCE - 80% | KANAK NAGRAJ COMMERCE - 79.4% | VANSHIKA COMMERCE - 73.4% | MEENAKSHI COMMERCE - 71.2%
SUJAL COMMERCE - 62% | KULDEEP COMMERCE - 60% | SUHANI MATHS - 74% | BHUPESH ARTS - 78.3%
CLASS 10th ACHIEVER
ANKITA AMBHORE 76.6% | RADHIKA PAWAR 63.2% | KANAK BAMALIYA 62.4%
CLASS 8th
SAWAN MEENA 75.1% | KIRTI PANDIT 73.3% | TOSHAR SONI 71.5%
ENGLISH & HINDI MEDIUM
कक्षा नर्सरी में निःशुल्क प्रवेश
CLASS 5th
NOORJAHAN 72% | SOMYA TILOTIYA 69% | BHOOMI MEHRA 63.2%
कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक हिंदी/अंग्रेजी माध्यम
शिक्षा संस्कृति और अनुशासन का उत्कृष्ट संस्थान
- नर्सरी से के.जी. 2 तक प्ले मेथड स्कूल
- बोर्ड कक्षाओं का सर्वश्रेष्ठ परिणाम
- अनुभवी शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा अध्यापन
- ऑडियो, वीडियो एवं सी.डी. द्वारा पढ़ाई सुविधा
- पूर्णतः स्वच्छ एवं अनुशासित परिवेश
- कक्षाओं में सतत् निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा सुविधा

प्रवेश प्रारंभ
रेलवे अस्पताल के पीछे वैशाली नगर न्यूयार्ड इटारसी मो.9300710289

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्रशासक-श्रीमती विनीता चौधरी
सहा. प्रबंधक-हरिशंकर चौरे
सेवा सहकारी समिति
मर्या. गौंची तरोंदा

आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सुखतवा
(विकास खण्ड केसला, जिला-होशंगाबाद)
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अधीक्षक, आदिवासी सीनियर बालक छात्रावास सुखतवा

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सहायक
परसराम यादव
सेवा सहकारी समिति केसला

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
सुश्री मीनाक्षी चौधरी
सहायक यंत्री
नगर पालिका इटारसी

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
प्राचार्य- प्रभाकर राय एवं समस्त स्टाफ
शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला जुझारपुर

नूर हक पब्लिक हाई स्कूल इटारसी
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम कक्षा नर्सरी से कक्षा 10 वीं तक प्रवेश प्रारंभ
एड कम्प्यूटर जंक्शन
DCA,PGDCA,TALLY,INTERNET
B.A,M.A,M.S.W,M.Sc.MATHS
Spoken English Classes
स्वतंत्रता दिवस हार्दिक शुभकामनायें
वार्ड नं.27 शिवाजी नगर मेहरागांव रोड, इटारसी-मो.9300019440

Dise Code 233070314124 विद्या ददाति विनयम Reg. No.37239474
मुंबई टॉप थर्टी
गुरुकुलम इटारसी
शाला में प्रवेश के लिए सम्पर्क करें- समय- प्रातः 09 बजे से दोप. 03 बजे तक
पता - BSNL ऑफिस के बाजू में, चामुण्डा चौराहा, इटारसी
Mob : 7697827247, 8109409641, 7649032251
पूर्णतः अंग्रेजी माध्यम | कक्षा नर्सरी से आठवीं | कोई डोनेशन नहीं
विशेषताएं
- इंडोर एवं आउटडोर गेम्स सुविधा। - मुख्य पीरियड के पश्चात अतिरिक्त कालखण्ड अतिरिक्त पढ़ाई के लिए लगाए जाते हैं। - पूर्ण स्कूल सी.सी.टी.वी. कैमरे की निगरानी में। - कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जाता है। - अतिरिक्त शैक्षणिक गतिविधियाँ। - अनेकता में एकता का परिचय देते हुए सभी धार्मिक आयोजन। - प्रशिक्षित शिक्षक स्टाफ। - परिवहन सुविधा उपलब्ध है।

खेल-खेल में सीखो, उच्च स्तरीय शिक्षण प्रस्तुतिकरण उत्तम परीक्षा फल।
स्वतंत्रता दिवस
की प्राचार्य एवं प्रबंधक व समस्त स्टाफ की ओर से
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
धर्मदास मिहानी
पार्षद वार्ड क्रं. 30
नगर पालिका परिषद, इटारसी

सभी देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
M.G.M. HIGHER SECONDARY SCHOOL
RAISALPUR, ITARSI
AFFILATED TO C.B.S.E.1030358 Phone No.07572-230030, Mobile : 9303605262
Admission will be given on the basis of availability of seat from class Nursery onwards

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कान्हा किसान सेवा केन्द्र
इंडियनऑयल IndianOil
इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप
हेमंत दुबे, जमानी

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों
हार्दिक शुभकामनाएं
आबकारी उपनिरीक्षक
वृत इटारसी, जिला-होशंगाबाद(म.प्र.)
सुयश फौजदार
आबकारी निरीक्षक
शहरी वृत्त
राजेश साहू
आबकारी निरीक्षक
ग्रामीण वृत्त
एवं समस्त स्टाफ इटारसी

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
आशा मौर्य
शिक्षा अधिकारी
एवं समस्त स्टाफ, विकासखण्ड केसला

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
वन समिति
उप परिक्षेत्र
नवल सिंह चौहान
वन परिक्षेत्र अधिकारी
अधिक से अधिक पेड़ लगाये- पेड़ो को कटने से बचाये।

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
महिला बाल विकास
इटारसी

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
प्रशांत अग्रवाल
(पिन्टू)
ठेकेदार, इटारसी

समस्त देशवासियों को
आज़ादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं
अर्पित जैन
शासकीय ठेकेदार

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
अमित विश्वास
पार्षद वार्ड 11, नगर पालिका परिषद, इटारसी

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं
वात्सल्य हॉस्पिटल
डॉ.रविन्द्र गुप्ता
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.पूजा गुप्ता
महिला चिकित्सक
एमआईजी 10, न्यास कालोनी इटारसी
फोन नं. 405178, 406441, मो. 9977134100

आजादी का अमृत महोत्सव की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती छनिया बाई
सरपंच
आज़ादी का अमृत महोत्सव
सुमेर सिंह
सचिव
ग्राम पंचायत, केसला

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राकेश जाधव
पार्षद वार्ड नं. 23,
नगर पालिका परिषद, इटारसी

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं
रेंज अधिकारी
बोरी विस्थापन वन परिक्षेत्र

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाऐं
आदित्य पाण्डेय
उपयंत्री, नगर पालिका इटारसी

की हार्दिक शुभकामनाऐं
महात्मा गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय इटारसी,

स्वतंत्रता दिवस की सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
कृषि विस्तार अधिकारी केसला
जिला होशंगाबाद (म.प्र.)
- प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा अवश्य करायें।
- केसला विकासखण्ड में हल्कावार धान, सोयाबीन तथा मक्का की फसलों का बीमा कराकर लाभ प्राप्त करें।
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी
किसान कल्याण तथा कृषि विकास, विकास खण्ड केसला

समस्त भारतवासियों को
आजादी का अमृत महोत्सव
की हार्दिक शुभकामनाएं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
महिला बाल विकास
अधिकारी केसला

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
दिलीप मैना
भाजपा वरिष्ठ कार्यकर्ता
आदित्य मैना
प्रदेश अध्यक्ष युवा मोर्चा मंच

स्वतंत्रता दिवस की सभी
देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
शासकीय
कन्या
महाविद्यालय,
इटारसी (म.प्र.)
फोन न. 07572-237390
डॉ आरएस मेहरा
(प्राचार्य)
शासकीय कन्या महाविद्यालय, इटारसी
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता
दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजीव दीवान
समाज सेवी

स्वतंत्रता दिवस की सभी
देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
जनभागीदारी समिति एवं प्राचार्य
भगवान बिरसा मुण्डा
शासकीय महाविद्यालय
सुखतवा जिला नर्मदापुरम
एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस
आज़ादी का अमृत महोत्सव
हार्दिक शुभकामनाऐं
सौजन्य से : विकासखंड स्त्रोत समन्वयक
एवं विकासखंड केसला एवं समस्त स्टाफ

स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाऐं
आज़ादी का अमृत महोत्सव
मंयक मेहतो
मण्डल अध्यक्ष
भारतीय जनता पार्टी पुरानी इटारसी

समस्त प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रामबाबू अग्रवाल जिला अध्यक्ष
उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ
कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम

समस्त नगर वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अपील
दीपक रानवे
श्री अक्षय रघुवंशी
श्रीमति लता यशवंत पटेल
सौजन्य से - दीपक कुमार रानवे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद सोहागपुर

समस्त प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
आलम सिंह पटेल जनपद अध्यक्ष
राघवेन्द्र सिंह पटेल उपा. अध्यक्ष

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
रीना तिवारी अध्यक्ष नगर परिषद बाबई
करो का भुगतान समय पर करें।
व्यर्थ पानी ना बहायें, नलो में टोंटी लगायें
अंकुर योजना के तहत वृक्ष लगायें।
साफ- सफाई का ध्यान रखें।
रासिका अंशुल डेरिया उपाध्यक्ष नगर परिषद बाबई
कार्यालय नगर परिषद बाबई

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री साईं सिटी
सर्वसुविधा युक्त कलोनी
होशंगाबाद रोड सोहागपुर
निवेदक- अभय खंडेवाल, अभिनय सोनी
मो.- 9893190927, 9425476953

दिलीप कुमार मींज प्राचार्य
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
2023
ST.PATRICK'S SR.SEC.SCHOOL - SOHAGPUR
(Affiliated to C.B.S.E. New Delhi Affiliation No. 1030544)
SOHAGPUR, NARMADAPURAM (M.P.)
ADMISSION OPEN FOR ACADEMIC YEAR 2023 -24
FOR CLASS NURSERY FROM -15 JANUARY 2023
ONWARDS
You can get Registration form from St.Patrick's Kindergarten,Station road Sohagpur Dist. Narmadapuram (MP) Office. Cont.No.-9406561990

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मिशन इन्द्र धनुष के अंतर्गत दिनांक 7 से 14 फरवरी तक 0 से 5 वर्ष के बच्चे को टीका जरूर लगवायें। राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस - 10 फरवरी व 15 फरवरी मापांक दिवस - 1 वर्ष से 19 वर्ष तक के बच्चे एवं युवा को ऐल्बेंडाजॉल की दवाई पिलाई जायेगी।
डॉ संदीप किरकिट्टा, सीबीएमओ
सौजन्य: खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोहागपुर

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
खनुजा गैस एजेंसी सोहागपुर
07575- 278891, 9300958821
कोई भी पुराना गैस चुल्हा 400 रु. में वापिस कर ग्रीन लेबल 32 प्रतिशत बचत वाला गैस आधुनिक गैस स्टोव लेवें।

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जवाहरलाल नेहरू स्मृति महाविद्यालय
कैलाश पालिवाल अध्यक्ष
शासी निकाय प्रबंध समिति
हमीरसिंह चंदेल सचिव
शासी निकाय प्रबंध समिति
पं. मनमोहन प्रसाद मुदगल
अध्यक्ष, सोहागपुर शिक्षा समिति

सभी प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस 76 वीं वर्षगांठ की
हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ
चांदी वाला बेयर हाउस
प्रो. राघव बाहेती

सभी प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस 76 वीं वर्षगांठ पर
स्टील फर्नीचर की ओर से सभी देशवासियों को
हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ
वसीम खॉन अध्यक्ष मुस्लिम त्यौहार कमेटी सोहागपुर

प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राम अवतार सिंह राजपूत
प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी
विकास खण्ड सोहागपुर

सभी प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस 76 वीं वर्षगांठ पर
हार्दिक अभिनंदन एवं शुभकामनाएँ
ललित पटेल मण्डल अध्यक्ष शोभापुर
सुरेश पटेल जिला उपाध्यक्ष भाजपा

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ
अपील
कोविड 19 के चलते नियमों का पालन करें।
अनावश्यक घर से बाहर न निकलें।
एक मास्क अनेक जिंदगी, मास्क अवश्य लगायें।
सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।
निवेदक- विजयपाल सिंह विधायक सोहागपुर
शरद कुमार दुबे
निवेदक शरद दुबे मंडल महा मंत्री मंडल

समस्त प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सहायक संचालक सतपुड़ा टाईगर रिजर्व
एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी बफर जोन बागरा
वन परिक्षेत्र बफर जोन बागरा

समस्त प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
नर्मदांचल पब्लिक हायर सेकेण्ड्री स्कूल
मारूपुरा सोहागपुर
जितेन्द्र सिंह राजपूत, संचालक

समस्त प्रदेश वासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
दीवान श्रीमती माया शाह सरपंच
कमलेश आचार्य उपसरपंच
शैलेन्द्र शाह सरपंच प्रतिनिधि
राजेन्द्र सिंह पुर्विया सचिव
अवधेश नामदेव सहायक सचिव
सौजन्य-समस्त पंचगण एवं ग्रामवासी ग्राम पंचायत शोभापुर (सोहागपुर)

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
रमेश पटेल भा.ज.पा .मंडल अध्यक्ष

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
संजय जैन (बंटी)
वरिष्ठ भाजपा नेता बनखेड़ी

जय जवान जय किसान ॥ जय श्री कृष्णा ॥
स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
मास्क लगायें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।
श्री कृष्णा ट्रेडर्स मेन चौराहा बनखेड़ी
हरीश मालानी संजीव मालानी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती सुनीता वाधवा
प्राचार्य
शासकीय टैगोर उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनखेड़ी

कार्यालय नगर परिषद, बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## अपील

नगर परिषद बनखेड़ी 15 अगस्त 2023 स्वतंत्रता दिवस की समस्त नगरवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं हार्दिक अभिनन्दन करता है तथा नगरवासियों से निम्नानुसार अपील करता है:-

1. नगर आपका है नगर विकास हेतु करों का भुगतान समय पर करें।
2. गीले सूखे कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में एकत्रित करें।
3. निकाय द्वारा घर-घर कचरा एकत्र करने हेतु वाहनों की व्यवस्था की गई है अतः घर का कचरा डस्टबिन में एकत्र कर निकाय के कचरा वाहनों का निर्धारित स्थान पर ही डालें, रोड एवं नालियों में कचरा न डालें।
4. जन्म-मृत्यु पंजीयन एवं विवाह पंजीयन अवश्य करवाएं।
5. नगर परिषद / शासकीय भूमि पर अतिक्रमण न करें।
6. भवन निर्माण कार्य नगर परिषद की अनुमति से ही करें।
7. प्लास्टिक बैग एवं पॉलीथिन नगर में पूर्णतः प्रतिबंधित है कृपया प्लास्टिक बैग या पॉलीथिन का उपयोग न करें। कागज एवं कपड़े के थैले का ही उपयोग करें।
8. नलों में टोंटियां लगाकर रखें तथा पानी व्यर्थ ना बहाएं।
9. खुले में शौच न करें और न करने दें।

हरीश मालानी अध्यक्ष | कमलेश पटेल (राजू) उपाध्यक्ष | संतोष रघुवंशी सीएमओ
नगर परिषद बनखेड़ी जिला नर्मदापुरम

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
पं.कमलकिशोर भार्गव पत्रकार, बनखेड़ी
श्रीमति नीतू भार्गव सरपंच ग्राम पंचायत पीढ़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जमना प्रसाद मिश्रा सरपंच | नरेन्द्र कुशवाहा सचिव
महेश कुशवाहा ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत तिंदवाड़ा विख बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री सुशील कुमार शुक्ला सरपंच | प्रियंक रघुवंशी सचिव
गजेन्द्र साहू ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत पीपरपानी विख बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री काशीराम सरपंच | नरेन्द्र परते सचिव
धर्मेन्द्र चौधरी ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत कपूरी विख बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नीरज कुमार पलिया सरपंच | आशाराम मेहरा सचिव
सुबोध पटेल (ग्राम रोजगार सहायक)
सौजन्य से: ग्राम पंचायत पलिया पिपरिया विख बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री नर्मदाप्रसाद सरपंच | धर्मराज धुर्वे सचिव
दयाशंकर कुशवाहा ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत कोठरी विख बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती मोहर बाई सरपंच | हनुमत सिंह पटैल सचिव
नरेश साहू (ग्राम रोजगार सहायक)
सौजन्य से: ग्राम पंचायत माल्हनवाड़ा विख बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती बसंती चौधरी सरपंच | मुकेश यादव सचिव
द्वारकेश पुरी ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत नगवाड़ा विख बनखेड़ी

15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं
धीरू तिवारी
तिवारी इण्डेन गैस एजेंसी बनखेड़ी
पाण्डे जी रोड, स्टेशन रोड, बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
सीताराम राय प्रबंधक
कृषक सेवा सहकारी समिति दहलवाड़ा

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्राचार्य
शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बनखेड़ी

समस्त क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनायें
पं. राजा पलिया
मास्क लगायें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्री रूपनारायण सरपंच | दिलीप जायसवाल सचिव
नितिन यादव ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत मछेराकलां विख बनखेड़ी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. प्रियंका साहू
BHMS होम्योपैथिक फिजिशियन
BHMS 704948806
साहू पॉली क्लीनिक
इंडियन ऑयल पेट्रोल पंप के सामने, पिपरिया रोड, बनखेड़ी, जिला- नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जैविक खेती अपनायें - प्रकृति को समृद्ध बनायें
रामदेव शुगर मिल प्रा. लि.
ठैनी, बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम

जय जवान जय किसान
स्वतंत्रता दिवस की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनायें
अटल इंटरप्राइजेज बनखेड़ी
मास्क लगायें, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें।
सौजन्य: अटल राय
अध्यक्ष, भाजयुमो बनखेड़ी

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
जगदीश मिश्रा प्रबंधक
कृषक सेवा सहकारी समिति पलिया पिपरिया

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
अन्नपूर्णा कृषि सेवा केन्द्र
लेजर लैण्ड लेवलर (कम्प्यूटर द्वारा) प्लाऊ, सीड ड्रिल, कल्टीवेटर इत्यादि कृषि उपकरणों के विक्रेता
लासर रोटोवेटर के अधिकृत विक्रेता
फाइनेंस और सब्सिडी सुविधा उपलब्ध है।
पता- नर्स वाले के पास, बाचावानी तिगड्डा, बनखेड़ी, जिला होशंगाबाद

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. राजेश पुरोहित
मुख्य चौराहे का पास, बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती नमीता पटेल सरपंच | भैयाजी भार्गव सचिव
प्रेम नारायण पटेल - ग्राम रोजगार सहायक
सौजन्य से: ग्राम पंचायत बाचावानी विख बनखेड़ी

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
डॉ. जगवंदन सिंह परिहार
ब्लॉक मेडीकल ऑफिसर
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम

स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राजू परसिया
राकेश पटेल
आदित्य कंस्ट्रक्शन, नयाखेड़ा, बनखेड़ी, जिला नर्मदापुरम

देशबन्धु

भोपाल, मंगलवार 15 अगस्त 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# अमृतकाल में विष-बेलों का सिंचन

आजादी की वर्षगांठ को देश के सबसे बड़े जश्न के साथ मनाया जाता है पर यही वह अवसर भी होता है जब हर स्वतंत्र चेता नागरिक को उन सभी पहलुओं पर गौर फरमाना चाहिये जो देश और उसकी स्वतंत्रता के लिये खतरा हों। अब वैसी अंतरराष्ट्रीय परिस्थितियां नहीं रहीं जिनसे किसी देश के बाहरी शक्तियों के हाथों फिर से गुलाम होने का खतरा हो। जैसा कि पहले होता था। दो महायुद्धों के बाद तो यह और भी कठिन हो गया है- कुछ अपवादों को छोड़कर। अब असली खतरा अपनी ही सरकार द्वारा नागरिक आजादी के छिन जाने का है। इसे बचाये रखने के लिये स्वयं अवाम को सतर्क रहने की आवश्यकता है और ज़रूरी होने पर प्रतिरोध करने की उसकी तैयारी भी होनी चाहिये। वैसे तो यह बात सभी स्वतंत्र देशों के लिये लागू होती है लेकिन भारत के वर्तमान परिदृश्य के सन्दर्भ में और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गई है क्योंकि जिस रास्ते चलकर देश ने आजादी हासिल की थी, अब नये निज़ाम को उस मार्ग पर चलना न सिर्फ नागवार गुजर रहा है वरन स्वतंत्रता की नयी परिभाषा भी गढ़ी जा रही है। यही असली खतरा है।

झूठ और सत्ता को पाने के लिये रचे गये षड्यंत्रों से प्रारम्भ हुए नये राजनैतिक विमर्श ने आजादी की लड़ाई के नायकों के प्रति अवहेलना, तिरस्कार और घृणा के जरिये ऐसा विष वमन किया है कि स्वतंत्रता का गौरव ही खण्डित हो गया है। उग्र राष्ट्रवाद ने देश का पिछला लगभग एक बहुमूल्य दशक इतिहास को कोसने तथा उसमें परिवर्तन के हास्यास्पद हसरतों में गंवा दिया। बीती अवधि की काल कोठरी में एक पूरी पीढ़ी को बन्द कर उसे निरे स्वप्न दिखलाये जा रहे हैं। बस.., नई गुलामी के खतरे यहीं से प्रारम्भ होते हैं। असली नायकों को पीछे ठेलकर छद्म नायकों की अगली कतारें तो तैयार कर ही दी गईं, उनमें भरोसा करने वाली पीढ़ी भी गढ़ी गई है जिसका विश्वास है कि देश वाकई में अब तक स्वतंत्र नहीं हुआ है बल्कि उसे अंग्रेजों ने 99 वर्षों की लीज़ पर दिया हुआ है। यह वह पीढ़ी है जो पूरी गम्भीरता से मानती है कि सारा विकास 2014 के बाद ही हुआ है। इन हैरत भरी जानकारियों पर लोग विश्वास करें, इसके लिये झूठ फैलाने वालों को देशभक्त साबित करने हेतु रचा गया राष्ट्रवाद पूंजीवाद से पोषित है। अब वह जनता से अपनी कीमत वसूल रहा है।

बड़ी संख्या में लोगों की आंखों पर बन्धी राष्ट्रवाद की पट्टी पेट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस से लेकर टमाटरों के बढ़ते दामों को यह सोचकर नज़रदाज़ करती है कि उनके पैसों से देश को विश्वगुरु बनने में मदद मिलेगी। पाकिस्तान व अफगानिस्तान को नेस्तानाबूद करने की उत्कंठा जगाकर केन्द्रीय सत्ता ने लोगों की जेब से पैसा उगाहने की कला में महारत हासिल कर ली है। देश के भीतर अल्पसंख्यकों, आंदोलनकारियों, संगठित समूहों, बदलाव में भरोसा रखने वाले युवाओं व छात्रों समेत सरकार से सवाल करने और उसकी कमियां गिनाने वाले पत्रकारों, लेखकों, बुद्धिजीवियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं को देश का दुश्मन बतलाया जाता है। सत्तारुढ़ भारतीय जनता पार्टी ने सरकार विरोधियों को देशद्रोही, हिन्दूविरोधी, पाकपरस्त जैसे तमगे देकर जनचेतना को कुन्द कर दिया है। सरकार पर लोग आंखें मूंदकर भरोसा करें, इसके लिये उन्हें विवेकहीन और अतार्किक बनाना ज़रूरी है, अत: देश में वैज्ञानिक चेतना समाप्त करने की प्रक्रिया को भी तेज किया गया। इसके तहत कोरोना जैसी महामारी के उन्मूलन थाली-ताली पीटकर और 80 करोड़ लोगों को 5 किलो मुफ्त राशन देकर देश को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का विलक्षण अर्थशास्त्र लिखा गया है।

एक ओर तो लोगों की भावनाओं को बेवजह उत्तेजना दी गई, तो वहीं दूसरी तरफ संसद, कार्यपालिका, न्यायपालिका, मीडिया, सिविल सोसायटियों आदि को मसल कर रख दिया गया है। सत्ता ने सुनिश्चित कर दिया है कि उसका विरोध करने वाले सामाजिक कार्यकर्ता हों या अधिकारी- जेल की सींखचों के पीछे होंगे और विपक्षी दलों के मुखर सांसदों को चुन-चुनकर संसद से बेदखल किया जाएगा। नागरिकों को ताकत प्रदान करने वाले नियम-कानून या तो कमजोर किये जा रहे हैं अथवा उनका इस्तेमाल चेहरे व राजनीतिक दल देखकर हो रहा है। वैसे तो मौजूदा सरकार अपनी स्थापना काल से ही नागरिकों को कमजोर करने और उन पर राज्य का शिकंजा कसने के अनेकानेक उपाय करती आई है परन्तु इस एक साल का विशेष उल्लेख किया जाना चाहिये। किसी भी क्षेत्र या व्यक्ति से प्रतिरोध की कोई भी आवाज के न आने से आश्वस्त हो चुके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा सरकार को बड़ी चुनौती राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा (सितम्बर, 2023 में कन्याकुमारी से कश्मीर तक- 4000 किलोमीटर) ने दी है। उनका यह पैदल सफर देश में बढ़ रहे नफरत के खिलाफ प्रेम का संदेश लेकर था। चूंकि भाजपा व उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की पूरी विचार प्रणाली परस्पर घृणा पर आधारित है, उसका खौफ खाना लाजिमी था। यात्रा के दौरान राहुल ने जिस प्रकार से देश की समस्याओं के साथ सरकार के भ्रष्टाचार और विशेषकर मोदी व कारोबारी गौतम अदानी के साथ सम्बन्धों की बात उठाई, उन्हें संसद से एक अवमानना मामले को लेकर निकाल दिया गया। सदस्यता बहाली के बाद भी राहुल का स्वर मंद नहीं हुआ है और आज उनके साथ 26 दलों का गठबन्धन लामबन्द है। इससे हताश मोदी मणिपुर, मेवात, ट्रेन में गोलीबारी जैसे मामलों को लेकर भी कठघरे में हैं। मोदी की बौखलाहट का खामियाज़ा जनता को भुगतना पड़ सकता है- उसके अधिकारों में कटौती के रूप में।

अपनी सत्ता बचाये रखने के लिये भाजपा ने सारे साल नये सिरे से विष-बेलों को पानी सींचा है, जिसे अमृतकाल कहा जाता है। इस वर्ष के जश्न-ए-आज़ादी के मौके पर इन विष -बेलों को समूल नष्ट करना उन सबका उद्देश्य हो जिनका विश्वास स्वतंत्रता, समानता, धर्मनिरपेक्षता एवं बन्धुत्व जैसे लोकतांत्रिक मूल्यों में है।

# मिट्टी संग सेल्फी, मुस्लिम महिलाओं संग राखी; शहंशाह के नए फरमान!

■ बादल सरोज

शहंशाह ने अगस्त महीनों के दो बड़े शिगूफों का फरमान जारी कर दिया है। उन्होंने फरमाया है कि 15 अगस्त को देश के सारे नागरिक अपने हाथों में देश की माटी लेकर अपनी अपनी सेल्फी खींचें और उसे सोशल मीडिया वगैरा पर इधर-उधर चिपकाने के साथ-साथ उन्हें भी भेजें। इसके लिए बाकायदा एक नई साईट भी खोली गयी है। इस फरमान की ख़ास बात यह है कि इसमें बात यहीं तक नहीं रुकेगी, यह इवेंट इससे आगे भी चलने वाला है; 'मेरी माटी मेरा देश' के इस अभियान में इसके बाद एक अमृत कलश यात्रा भी निकलेगी, इन कलशों में मिट्टी के साथ पौधे भी लाये जायेंगे- इस माटी के साथ ये पौधे राष्ट्रीय युद्ध स्मारक - नेशनल वार मेमोरियल- के करीब के, ठीक इसी काम के लिए बनाए जाने वाले परिसर में, एक साथ रोपकर अमृत वाटिका बनाई जायेगी और बकौल उनके इस तरह 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' का भव्य स्मारक बनेगा!! दूसरा फरमान उन्होंने अपने एनडीए के सांसदों को दिया है और उनसे कहा है कि इस रक्षाबंधन पर वे मुस्लिम महिलाओं से राखी बंधवायें। इस आह्वान में हालांकि ऐसा नहीं कहा गया है लेकिन पालित पोषित मीडिया ने, लगभग सभी ने, पसमांदा मुसलमानों को इसमें तरजीह देने का इशारा किया है।

यह न पहले शिगूफे है न आखिरी - पिछली 9 वर्षों में शिगूफेबाजी ही तो हुई है। शुरुआत ही झाड़ू लगाते हुए फोटो खिंचवाने के हास्यास्पद पाखण्ड से हुई - इसमें पहले कूड़ा कचरा बगराने और उसके बाद एक ही जगह लम्बी-लम्बी झाड़ू उठाकर अलग-अलग भंगिमा में तस्वीरें उतरवाने के कारनामे हुए; इसे स्वच्छ भारत अभियान का नाम दिया गया। कोरोना की महामारी के दौरान तो इनके नयेपन के मामले में जैसे सारी रचनात्मक उर्वरता चरम पर जा पहुंची थी: लॉकडाउन का शुरुआती ड्रेस रिहर्सल जनता कर्फ्यू से हुआ, इसके बाद 9 तारीख को 9 बजे 9 मिनट तक बत्ती बुझाकर अंधेरे में कोरोना के वायरस को रास्ता भुलाकर गफलत में डालने का निर्देश राष्ट्र को दिया गया। इसके बाद भी यह दुष्ट वायरस नहीं माना तो ताली बजाने, थाली बजाने, दीये और मोमबत्ती जलाने, गो कोरोना गो के नारे लगवाने के नए नए आह्वान आये। कुल मिलाकर यह कि जिसकी उस समय सबसे ज्यादा जरूरत थी उस ऑक्सीजन, पेरासिटामोल, जिंक, विटामिन सी और बी कॉम्प्लेक्स जैसी मामूली इलाज की उपलब्धता को छोड़कर बाकी सब हुआ।

बात सिर्फ इतनी होती तब भी बर्दाश्त कर ली जाती। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस तरह के दिखावटी जुमलों वाले आह्वानों के पीछे इतना भर नहीं है, इससे ज्यादा कुछ है और जो है वह गंभीर है। इन दिखावों के पीछे एक इरादा अपने अपकर्मों और देश तथा जनता के साथ किये अपराधों को छुपाने का है। नोट बन्दी के वक्त का ऐसा ही शिगूफाई कथन कि '50 दिन में सब कुछ ठीक न होने पर चौराहे पर खड़ा करके सजा दे देना' लोगों को आज भी याद है। चुनाव जीतने के बाद पहली बार संसद में जाने पर उसकी सीढ़ियों पर लगाई गई लम्बलेट भी लोग भूले नहीं है। उसके बाद संसदीय लोकतंत्र का जो हश्र हुआ वह सामने है, इन दिनों चल रहे संसद सत्र में तो वे जाने से ही कतरा- सकुचा रहे हैं। एक निश्चित अंतराल के बाद रोने का कारनामा तो लगता है कि अब इतना पुराना पड़ गया है कि खुद अभिनेता ने ही उसे अनेक समय से नहीं दोहराया।

**यह 2024 का डर है । लगता है इन आह्वानों को देने वाले और उनका पूरा गिरोह समझता है कि डर लगे तो हनुमान चालीसा गाने से काम चल जाएगा; इसीलिये जितना ज्यादा डर बढ़ता जाता है ये उतना ही ज्यादा जोर से गाने लगते हैं। हालांकि कर्नाटक में डर के मारे आख़िरी दिनों में वे खुद इसे आजमा कर देख भी चुके हैं कि जब जनता ठान लेती है तो कोई चौबीसा या पचीसा काम नहीं आता।**

इन शिगूफों का दूसरा इरादा आभासीय उजाले की आभा- होलोग्राम- की बिना पर नकली गौरव, लिजलिजा राष्ट्राभिमान पैदा करने का होता है। बुलेट ट्रेन के ख्याली पुलाव से यह सिलसिला शुरू हुआ; कुछ चुनिन्दा रेलवे स्टेशनों को चमचमा कर उन्हें विकास का सूर्योदय साबित करते हुए अब पूरी तरह अव्यावहारिक और अलाभकारी साबित हो चुकी वन्दे भारत रेलगाड़ियों के ढकोसले तक पहुंच गया है। इसी तरह का आवरण डालने की हालिया हरकत अमेरिकी संसद में इतने बार तालियां बजने और उतने बार खड़े होकर जय-जयकार करने की खबरों से फर्जी गर्व पैदा करने की कोशिशों में दिखी; जबकि असल में इनके जरिये उन आपराधिक समझौतों को छुपाया जा रहा था जिनका असर इस देश की विदेश नीति से लेकर आर्थिक औद्योगिक परिस्थिति के लिए विनाशकारी होने वाला है। बेटी बचाओ के खोखले आह्वान के बाद देश भर में बेटियों और उनकी मांओं पर बढ़ते अत्याचारों से ध्यान बंटाने के लिए 'सेल्फी विथ डॉटर' का शिगूफा छोड़ा गया। इधर देश भर में दलितों की दुर्दशा करने के लिए सामाजिक और आर्थिक दोनों मोर्चों पर सारे घोड़े खोल दिए गए उधर डॉ अम्बेडकर के नाम पर विराट स्मारक बनाने का शिगूफा छोड़ दिया। इस काम में अब उनके बाकी लगुये भगुये भी उन्हीं के नक्शेकदम पर चल पड़े हैं; एक भाजपाई आदिवासी के सिर पर पेशाब करता है दूसरा भाजपाई मुख्यमंत्री निवास परउसी आदिवासी के पांव धोता है। इन चंद उदाहरणों से ही सारे शिगूफों की चोंचलेबाजी उजागर हो जाती है।

मगर इन सब आह्वानों के एक बड़े हिस्से का मकसद इन सबके साथ इससे आगे का, किसी न किसी बहाने भीड़ जुटाने और उसे उन्मादी बनाने का है। नए-नए प्रतीक गढ़ने, उनके नाम पर कुछ अर्थहीन काम करवाने की इस कवायद के साथ जो हुजूम इकट्ठा किये जाते हैं उन्हें संघ- भाजपा के एजेंडे के हिसाब से एक खास रुझान में ढालकर जुनूनी बनाने के सायास प्रयत्न किये जाते हैं। इनके द्वारा गढ़ा गया ऐसा ही एक प्रतीक बुलडोजर है। जिसका मुंह अल्पसंख्यकों और दलित आदिवासियों के घरों और दुकानों की दिशा में ही रहता है। इसी के साथ अलग-अलग आह्वान के प्रति रुख के आधार पर असहमत लोगों की शिनाख्त की जाती है, फिर उसे मथ कर हम और वो का सोच बनाया जाता है- जिसके नतीजे जयपुर-मुम्बई ट्रेन जैसे निकलते हैं।

हिटलर और मुसोलिनी वाले फासिज्म के इतिहास में प्रतीकों के इसी तरह गढ़ने और उनके अति दोहन की अनेक मिसालें हैं, इनमें से कई को तो उन्हें अपना गुरु मानने वाले उनके भारतीय बटुकों ने हू ब हू अपनाया है। पिछले स्वतन्त्रता दिवस पर घर घर तिरंगा लगाने और तिरंगे झंडे को अपनी डीपी और प्रोफाइल बनाने के आह्वान इसी तरह के हैं। यह विडंबना नहीं तो क्या है कि आजादी का महत्व समझाने और आजादी की लड़ाई में शहीद हुए हिन्दुस्तानियों के नाम पर कलश यात्राएं निकलवाने का आह्वान वे दे रहे हैं जिनका स्वतन्त्रता संग्राम में रत्ती भर का योगदान नहीं है। तिरंगे का प्रतीक वे इस्तेमाल करना चाहते हैं जो हमेशा इसे राष्ट्रीय ध्वज बनाने के विरुद्ध रहे।

इस तरह की ढीठ शातिर चतुराई यही दिखा सकते हैं कि एक तरफ तो नूंह-मेवात के हिन्दू मुस्लिम बाशिंदों से कहें कि 'फूल मालाएं तैयार रखो, तुम्हारे जीजा आ रहे हैं' मणिपुर में सामूहिक बलात्कार के बाद स्त्रियों को निर्वसन घुमायें और बजाय लज्जित होने के 'ऐसी तो सैकड़ों घटनाएं घटी हैं' कहकर देश की जनता को जीभ चिढ़ायें और वहीं पूरी बेशर्मी के साथ रक्षाबन्धन पर मुस्लिम महिलाओं को बहन बनाने का आह्वान करें। अगर शिगूफेबाजी के शहंशाहे आलम वाकई में अपने इन आह्वानों को लेकर गंभीर हैं तो उम्मीद की जानी चाहिये कि वे खुद इसे अमल में लायेंगे और रक्षाबंधन के दिन अपने ही गुजरात की बहन बिल्किस बानो के घर जाकर उनसे राखी बंधवा कर आयेंगे; खट्टर को नूंह के गांवों में राखी बंधवाने भेजेंगे।

आने वाले दिनों में इसी तरह के और आह्वान आने वाले हैं। यह 2024 का डर है । लगता है इन आह्वानों को देने वाले और उनका पूरा गिरोह समझता है कि डर लगे तो हनुमान चालीसा गाने से काम चल जाएगा; इसीलिये जितना ज्यादा डर बढ़ता जाता है ये उतना ही ज्यादा जोर से गाने लगते हैं। हालांकि कर्नाटक में डर के मारे आख़िरी दिनों में वे खुद इसे आजमा कर देख भी चुके हैं कि जब जनता ठान लेती है तो कोई चौबीसा या पचीसा काम नहीं आता। नूंह- मेवात के किसान दंगाइयों के खिलाफ अपनी एकजुटता से सपष्ट रूप से इस सन्देश की पेशगी दे चुके हैं।

**( सम्पादक लोकजतन, संयुक्त सचिव अखिल भारतीय किसान सभा )**

# आम चुनाव के पहले राजनीतिक रूप से दुरुस्त हो रहा है रिजर्व बैंक

■ अंजन रॉय

कभी-कभी अटल बिहारी वाजपेयी की याद आती है। जब टमाटर की कीमतें आसमान छू रही होती हैं, तो हमें शायद ही कोई ऐसी गूंज सुनाई देती है। कोई भी टमाटर की कीमतों पर उतने प्रभावी ढंग से कटाक्ष नहीं कर रहा है जितना कि एक बार वाजपेयी ने प्याज की कीमतों पर किया था।

आम चुनाव तेजी से नजदीक आ रहा है और कीमतें चुनाव प्रचार के लिए बुनियादी आधार हैं। राजनेताओं से यह उम्मीद करना भी सामान्य है कि वे कीमतों को लेकर बहुत ज्यादा विचार करेंगे, खासकर प्याज या हाल ही में टमाटर जैसी संवेदनशील खाद्य पदार्थों की कीमतों के मामले में। मौजूदा सरकारों के लिए कीमत के मुद्दे पर गद्दी भी छोड़ने की स्थिति आ जाती है।

10 अगस्त को अपने नवीनतम मौद्रिक नीति वक्तव्य में, रिज़र्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने संवेदनशील वस्तुओं में मूल्य झटके का वर्णन करने में एक नैदानिक वाक्यांश का उपयोग किया है। उन्होंने इन्हें 'असामान्य मूल्य झटके' के रूप में वर्णित किया, और इस तरह मूल्यवृद्धि के दंश को कम करने की कोशिश की।

**वित्तीय वास्तुकला के एक तकनीकी संरक्षक के रूप में, जिसे कीमतों की स्थिरता बनाये रखने का काम सौंपा गया है, उनका मूल्यवृद्धि का ऐसा वर्णन उनके लिए उपयुक्त है। उनका सुझाव है कि इन पर गौर करना होगा और समग्र मूल्य रुझानों पर नजर रखनी होगी। हालांकि, साथ ही उन्होंने दोहराया कि यदि 'असामान्य रुझान' दृढ़ता दिखाते हैं तो हमें 'कदम उठाना' होगा।**

वित्तीय वास्तुकला के एक तकनीकी संरक्षक के रूप में, जिसे कीमतों की स्थिरता बनाये रखने का काम सौंपा गया है, उनका मूल्यवृद्धि का ऐसा वर्णन उनके लिए उपयुक्त है। उनका सुझाव है कि इन पर गौर करना होगा और समग्र मूल्य रुझानों पर नजर रखनी होगी। हालांकि, साथ ही उन्होंने दोहराया कि यदि 'असामान्य रुझान' दृढ़ता दिखाते हैं तो हमें 'कदम उठाना' होगा।

रिज़र्व बैंक मूल्य स्थिरता का संरक्षक है। इसे मूल्य स्थिरता बनाये रखने का अधिकार दिया गया है। साथ ही, आरबीआई के कार्यों का पूरी अर्थव्यवस्था पर गहरा प्रभाव पड़ता है, जिसमें अर्थव्यवस्था की गति और इसकी समग्र वृद्धि भी शामिल है। इसलिए, कार्य की दोहरी जिम्मेदारी है : समग्र विकास में बाधा डाले बिना मूल्य स्थिरता बनाये रखना।

इसके लिए मौद्रिक प्राधिकरण से बहुत ही स्तरित और सूक्ष्म प्रतिक्रिया की आवश्यकता है। ऐसा लगता है कि रिज़र्व बैंक के गवर्नर ने अपने लिए यही तय किया है। पारंपरिक रूप से मूल्य नियंत्रण के लिए मांग पर अंकुश लगाने के लिए ब्याज दरों में बढ़ोतरी की जाती है। लेकिन इससे अर्थव्यवस्था की गति पर भी असर पड़ता है और सुस्ती आती है।

वास्तव में, अमेरिकी फेडरल रिजर्व को इस सख्त विकल्प का सामना करना पड़ रहा है। वह अमेरिकी कीमतों में कुछ हद तक गिरावट पर लगाम लगाने के लिए ब्याज दर बढ़ा रहा है। डर यह है कि मौद्रिक नीति के माध्यम से मुद्रास्फीति नियंत्रण के किसी भी निरंतर प्रयास से एक प्रकार की मंदी आ जायेगी और बेरोजगारी बढ़ जायेगी। अमेरिका में रोजगार का स्तर ऐतिहासिक ऊंचाई पर है और कई दौर की ब्याज वृद्धि के बावजूद, एक बार फिर ऐतिहासिक ऊंचाई पर, बेरोजगारी में वृद्धि नहीं हुई है। लेकिन विशेषज्ञों का अनुमान है कि यह थोड़े समय में हो जाना चाहिए।

आरबीआई गवर्नर वास्तव में इसे बर्दाश्त नहीं कर सकते। अर्थव्यवस्था में एक प्रकार की सुस्ती पैदा करके, मूल्य नियंत्रण के लिए कुंद ब्याज दर साधन को बढ़ाना व्यावहारिक नहीं है। इससे विकास की गति प्रभावित होगी। यहां चुनाव अधिक खतरनाक है। हमें कीमतों को तीव्र वृद्धि के ढांचे में बनाये रखना होगा। जैसा कि गवर्नर ने कहा है, उनके सामने समस्या यह है कि चुनिंदा वस्तुओं, जैसे अभी टमाटर या पहले की अवधि में प्याज, की कीमतों में तेजी अल्पकालिक मानी जा रही है।

आरबीआई का नीति वक्तव्य इसे पहले ही स्पष्ट कर देता है। वो बताता है कि- '2023-24 की दूसरी तिमाही के लिए मुख्य मुद्रास्फीति अनुमान को काफी हद तक संशोधित किया गया है, मुख्य रूप से सब्जियों की कीमत के झटके के कारण। इन झटकों की संभावित अल्पकालिक प्रकृति को देखते हुए, मौद्रिक नीति कुछ समय के लिए ऐसे झटकों के कारण होने वाले उच्च मुद्रास्फीति प्रिंट पर गौर कर सकती है। हालांकि, दुविधा यह है कि इस तरह के मूल्य झटके एक स्थानिक मुद्रास्फीति की उम्मीद को जन्म देते हैं। यानी लोग यह मानने लगते हैं कि कीमतें निकट भविष्य में बढ़नी चाहिए और उसी के अनुसार व्यवहार करना शुरू कर देते हैं। यह एक स्व-संतुष्टि चक्र बन जाता है। हालांकि, बार-बार होने वाली खाद्य कीमतों के झटके की घटनाएं मुद्रास्फीति की उम्मीदों को स्थिर करने के लिए जोखिम पैदा करती हैं, जो सितंबर 2022 से चल रही है, जैसा कि मौद्रिक नीति बताती है। मौजूदा स्थिति में रास्ता आपूर्ति पक्ष का अर्थशास्त्र हो सकता है।'

निरंतर और समय पर आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप की भूमिका ऐसे झटकों की गंभीरता और अवधि को सीमित करने में महत्वपूर्ण है। ऐसा प्रतीत होता है कि यह केंद्रीय बैंक का विशिष्ट नीति निर्धारण है। इसलिए, आरबीआई ने 'असामान्य मूल्य झटकों' के लिए सुधारात्मक उपाय के रूप में, मांग पर नियंत्रण के कड़े उपायों के बजाय, आपूर्ति पक्ष के हस्तक्षेप की व्यवस्था की है।

सभी जानते हैं कि यह अच्छी अर्थव्यवस्था के साथ-साथ अच्छी राजनीति भी साबित हो सकती है। क्योंकिआम चुनाव की स्थिति में, कोई सरकार खस्ता हाल अर्थव्यवस्था वाले मतदाताओं का सामना नहीं कर सकती। किसी भी कीमत पर, मौजूदा सरकार का पूरा रुख यही है कि उसे भारतीय अर्थव्यवस्था को फिर से सक्रिय करना है।

**लंदन,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। इंग्लैंड के तेज गेंदबाज स्टीवन फिन ने सोमवार को क्रिकेट के सभी प्रारुपों से संन्यास लेने की घोषणा की। फिन घुटने में चोट लगने के कारण पिछले 12 महीनों से क्रिकेट से दूर थे, जिसके कारण उन्होंने सिर्फ 34 साल की उम्र में ही संन्यास ले लिया। उन्होंने इंग्लैंड के लिये 36 टेस्ट, 69 एकदिवसीय और 21 टी20 मैच खेले और राष्ट्रीय टीम के लिये 29.05 की औसत से कुल 254 विकेट चटकाये। फिन ने अपने काउंटी क्लब ससेक्स द्वारा साझा किये गये एक बयान में कहा, मैं पिछले 12 महीनों से अपने शरीर के साथ लड़ाई लड़ रहा हूं और मैंने हार मान ली है। साल 2005 में मिडिलसेक्स के लिये पदार्पण करने के बाद से मैं अपने पेशे के तौर पर क्रिकेट खेलने में सक्षम होने के लिये अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली महसूस करता हूं। यात्रा हमेशा आसान नहीं रही है, लेकिन फिर भी मैंने इसका आनंद लिया है।



# वेस्ट इंडीज ने भारत से पांचवां टी-20 आठ विकेट से जीत सीरीज 3-2 जीती

- सूर्य के तेज अर्द्धशतक पर पूरन की 47 रन की आतिशी पारी भारी
- तिलक वर्मा रहे भारत के लिए टी-20 सीरीज की खोज

■ सत्येन्द्र पाल सिंह



नई दिल्ली, 14 अगस्त (देशबन्धु)। भारत के सूर्य कुमार यादव के तेज अर्द्धशतक पर सबसे दमदार प्रदर्शन करने वाले वेस्ट इंडीज के निकोलस पूरन की 47 रन की तूफानी पारी लाउडरहिल में सीरीज के पांचवें व अंतिम टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में भारी पड़ी। वेस्ट इंडीज ने भारत को रविवार को पांचवें व निर्णायक टी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच में आठ विकेट से शिकस्त देकर सीरीज 3-2 से जीत ली। पूरन ने वेस्ट इंडीज को अकेले दम दूसरा टी 20 मैच जिता सीरीज में 2-0 की बढ़त दिलाई । वहीं मेहमान भारतीय टीम ने अगले दोनों मैचों में पूरन कों सस्ते आउट कर जीत दर्ज कर दो दो की बराबरी पाई। पूरन पांचवें और निर्णायक 20 मैच में एक बार फिर आतिशी पारी खेल वेस्ट इंडीज को जीत दिला सीरीज उसके नाम कराने में सफल रहे। मैन ऑफ द सीरीज रहे पूरन ने कुल 176 रन बनाए और ब्रेंडन किंग (कुल 196 रन) रन बनाने में दूसरे स्थान पर रहे। अंतिम मैच में मैन ऑफ द' मैच रहे रोमारियो शेफर्ड ने मेजबान टीम की ओर से सीरीज में सबसे ज्यादा नौ विकेट लिए। बाएं हाथ के तिलक वर्मा (कुल 173 रन) भारत के लिए इस टी-20 सीरीज की खोज रहे। भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (कुल सात विकेट) लेकर बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव(छह विकेट) इस साल भारत में होने वाले वन डे विश्व कप के लिए तैयार दिखश।

चौथे टी-20 में शतकीय भागीदारी करने वाले यशस्वी जायसवाल (5) और शुभमन गिल (9) की सलामी जोड़ी को रविवार अंतिम व निर्णायक टी-20 रात वेस्ट इंडीज के लेफ्ट आर्म स्पिनर अकील हुसैन ने अपने शुरू के दो ओवर में मात्र 17 रन पर आउट कर शुरू में ही ऐसा बिखेरा की सूर्य कुमार यादव(61 रन,45 गेंद,तीन छक्के, चार चौके) और तिलक वर्मा (27 रन, 18, दो छक्के, तीन चौके) की तीसरे विकेट की 49 रन की भागीदारी के बावजूद भारतीय टीम निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 165 रन ही बनाए। वेस्ट इंडीज के तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ के पहले ओवर में 19 रन बनाने वाले तिलक वर्मा का वेस्ट इंडीज के कामचलाउ स्पिनर शाई होप की धीमी गेंद पर उन्हें ही वापस कैच थमा देने से फिर मैच पर पकड़ बनाने की भारत की उम्मीद पर पानी फिर गया। संजू सैमसन(13 रन, 9 गेंद, चौके) और कप्तान हार्दिक पांडया (13 रन, 9 गेंद, दो चौके) कप्तान हार्दिक पांडया (14 रन, 18 गेंद ,एक छक्का) वेस्ट इंडीज के सबसे कामयाब तेज गेंदबाज रोमारियो शेफर्ड (4/31) की गेंद को उड़ाने के फेर तथा अक्षर पटेल(13 रन, 10 गेंद, एक छक्का) जेसन होल्डर (2/36) का शिकार बने। जेसन होल्डर ने ही अंततः पारी के 18 वें ओवर में सूर्य कुमार यादव को एलबीडब्ल्यू आउट किया। सूर्य के रूप में भारत ने छठा विकेट140 रन खोया। शेफर्ड ने भारत की पारी के अंतिम पूर्व और अपने चौथे ओवर में लगातार दो गेंदों में पहले अर्शदीप सिंह (8) को बोल्ड और फिर कुलदीप यादव (0) को एलबीडब्ल्यू आउट किया।

वेस्ट इंडीज ने जीत के लिए 20 ओवर 166 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सलामी बल्लेबाज कायल मायर्स (10 गेंद, एक छक्का, एक चौका) का विकेट पारी के दूसरे ओवर मे 12 रन पर गंवाया। मायर्स को अर्शदीप ने यशस्वी जायसवाल के हाथों लपकवाया। ब्रेंडन किंग (अविजित 85, 55 गेंद, 6 छक्के, 5 चौके)और निकोलस पूरन (47 रन, 35 गेंद, चार छक्के,एक चौका)की दूसरे विकेट की 107 रन की भागीदारी की बदौलत वेस्ट इंडीज ने दो ओवर के बाकी रहते दो विकेट पर 171 रन बनाकर आठ विकेट से जीत दर्ज की। पूरन को अपनी शॉर्ट पिच गेंदों के जाल में उलझाने का भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह का दांव नहीं चला। अर्शदीप की पहली गेंद पूरन की पसलियो में लगी लेकिन दो गेंद उन्होंने उनकी गेंद पर छक्का जड़ दिया। पूरन को तब किस्मत का साथ मिला जब उन्होंने भारत के कप्तान हार्दिक पांडया की गेंद को पुल करने की कोशिश लेकिन मुकेश गेंद तक पहुंचने के बावजूद कैच लपक नहीं पाए। पूरन ने अगली दो गेंदों पर छक्के जड़ दिएऔर वह आनन फानन में मात्र 9 गेंदों में तीन छक्कों की मदद से 18 रन पर पहुंच गए। पांडया की गेंदों पर पूरन के इन करारे प्रहारों से ब्रेंडन किंग पर भी । बाव हट गया। खतरनाक दिखाई पड़ते पूरन को आउट करने के मकसद से भारत के कप्तान पांडया ने सीरीज के तीसरे और चौथे मैच में उन्हें आउट कर चुके बाएं हाथ के लेग स्पिनर कुलदीप यादव को मोर्चे पर लगाया । पूरन एक बार फिर कुलदीप यादव की गेंद को चूके और अंपायर ने उन्हें एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया लेकिन इस पर उन्होंने डीआरएस और तीसर अंपायर ने फैसला पलट दिया। कुलदीप के अगले ओवर में पूरन ने उनकी गेंद को रिवर्स स्वीप कर चौका जड़ा। पूरन (47) पारी के 14 वें ओवर में अंततः जब भारत के कामचलाउ ऑफ स्पिनर तिलक वर्मा की गेंद को उड़ाने के फेर में लपके गए तब वेस्ट इंडीज का स्कोर दो विकेट पर 119 रन था। ब्रेंडन किंग और शाई होप(22 रन, 13 गेंद एक छक्का, एक चौका)ने तीसरे विकेट के लिए 52 रन की अटूट भागीदारी कर वेस्ट इंडीज को दो ओवर के बाकी रहते मैच जिताने के साथ सीरीज भी 3-2 से जिता दी।

# भारतीय निशानेबाजों ने ओलंपिक कोटा पर नजर रखते हुए अभियान शुरू किया




बाकू विश्व चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय राष्ट्रीय शूटिंग टीम ने ब्लू-रिबैंड इवेंट, इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑल इवेंट्स में अपना अभियान शुरू किया, जो आधिकारिक तौर पर सोमवार को अज़रबैजान के बाकू में शुरू हुआ और 1 सितंबर तक चलेगा। पेरिस ओलंपिक को ध्यान में रखते हुए बाकू विश्व चैम्पियनशिप में भारतीय शूटर्स अपना अभियान शुरु करने के लिए तैयार हैं। 53 सदस्यीय भारतीय दल में से 34 निशानेबाज 15 ओलंपिक स्पर्धाओं में भाग लेंगे जबकि 19 गैर-ओलंपिक स्पर्धाओं में प्रतिस्पर्धा करेंगे। शूटिंग बिरादरी द्वारा इस चैम्पियनशिप को ओलंपिक के बराबर या उससे ऊपर रखा जाता है और इस संस्करण में पेरिस 2024 के लिए 48 ओलंपिक कोटा स्थान प्रदान करने का अतिरिक्त आकर्षण है, जो मूल रूप से 17-24 अगस्त के बीच सात दिनों में जीता जाएगा। 18 भारतीय निशानेबाजों और 17 अधिकारियों और सहायक कर्मचारियों का पहला बैच पहले ही बाकू पहुंच चुका है और प्रशिक्षण शुरू कर चुका है। शॉटगन निशानेबाजों का इटली में 11 दिवसीय शिविर था, जबकि राइफल और पिस्टल निशानेबाजों का आयोजन से पहले दिल्ली में आठ दिवसीय राष्ट्रीय शिविर था। भारत ने अब तक तीन पेरिस कोटा जीते हैं और अपने पिछले सर्वश्रेष्ठ 15 कोटा को बेहतर करने की कोशिश कर रहा है, जो उसने टोक्यो 2020 खेलों के लिए जीता था।

रूद्रांक्ष पाटिल ने पुरुष 10 मीटर एयर राइफल, स्वप्निल सुरेश कुसाले ने पुरुष 50 मीटर राइफल थ्री पाजिशंस (3पी) और भोवनीश मेंडिरत्ता ने पुरुष ट्रैप में भारत के लिए कोटे जीते हैं।

टोक्यो ओलंपियनों में दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्या प्रताप सिंह तोमर, मनु भाकर और अंगद वीर सिंह बाजवा ने जगह बनाई है, जबकि रियो 2016 ओलंपियन किनान चेनाई भी पुरुष ट्रैप टीम का हिस्सा हैं। इसके अलावा, पुरुष ट्रैप टीम का हिस्सा 46 वर्षीय ज़ोरावर सिंह संधू हैं, जिन्होंने 25 साल पहले विश्व चैंपियनशिप में पहली बार शूटिंग की थी। 100 से अधिक देशों के करीब 1250 एथलीटों ने बाकू विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए प्रवेश किया है और भारत टूर्नामेंट से अपने पदक और कोटा को अधिकतम करने के लिए अच्छा प्रदर्शन करने की उम्मीद में है।

# आईएलटी20 में डेजर्ट वाइपर्स में शामिल हुए शाहीन अफरीदी



**दुबई,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। पाकिस्तान के सुपरस्टार गेंदबाज शाहीन अफरीदी आईएलटी20 के दूसरे सीजन के पहले डेजर्ट वाइपर्स में शामिल हो गये हैं। आयोजकों ने सोमवार को इसकी पुष्टि की। साल 2018 में टी20 अंतरराष्ट्रीय में पदार्पण करने के बाद से शाहीन ने सभी प्रारूपों में कुल 239 विकेट ले चुके हैं। आईसीसी ने उन्हें 2022 में साल का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना था। नयी गेंद से बल्लेबाजों को परेशान करने के लिये मशहूर शाहीन टी20 क्रिकेट के पहले ओवर में कुल 42 विकेट ले चुके हैं।

शाहीन ने फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने के बाद कहा, मैं डेजर्ट वाइपर्स में शामिल होने के लिये उत्साहित हूं। मैं जानता हूं कि संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में कई पाकिस्तान क्रिकेट प्रशंसक हैं और मुझे उम्मीद है कि वे आगामी आईएलटी20 में हमारी टीम का समर्थन करेंगे। शाहीन पाकिस्तान की घरेलू फ्रेंचाइजी लीग पीएसएल (पाकिस्तान सुपर लीग) में लाहौर कलंदर की कप्तानी करते हैं। लाहौर फ्रेंचाइजी ने उनकी कप्तानी में पिछले दो पीएसएल खिताब जीते हैं, हालांकि आईएलटी20 में उनकी भूमिका पर कोई जानकारी नहीं दी गयी है।

आयोजकों ने कहा कि आगामी सीज़न के लिये नये अनुबंधों की पूरी सूची अगले कुछ दिनों में जारी की जाएगी। टूर्नामेंट जनवरी-फरवरी 2024 में होने वाला है।

# भारतीय जूनियर हॉकी टीमें जर्मनी में 4 देशों के टूर्नामेंट के लिए रवाना

बेंगलुरु, 14 अगस्त (आईएएनएस)। भारतीय जूनियर पुरुष और महिला हॉकी टीमें सोमवार को अपने यूरोपीय दौरे के लिए रवाना हो गईं। वे डसेलडोर्फ में 4 देशों के हॉकी टूर्नामेंट के लिए जर्मनी के लिए उड़ान भरेंगी। भारतीय टीमें इंग्लैंड, स्पेन और मेजबान जर्मनी के खिलाफ एक्शन में नजर आएंगी।

यह टूर्नामेंट आगामी एफआईएच जूनियर विश्व कप 2023 की तैयारियों का हिस्सा होगा, जो 5 से 16 दिसंबर तक मलेशिया में पुरुष टीम का खेला जाएगा और महिला एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप, जो 29 नवंबर से सैंटियागो, चिली में खेला जाएगा।

उत्तम सिंह की अनुपस्थिति में, जो प्रशिक्षण शिविर के दौरान लगी चोट के कारण यात्रा करने में असमर्थ हैं, उनकी जगह विष्णुकांत सिंह जूनियर पुरुष टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि उत्तम के स्थान पर सौरभ आनंद कुशवाह को टीम में शामिल किया गया है। वहीं बॉबी सिंह धामी उप-कप्तान रहेंगे। इस बीच, जूनियर महिलाओं की कप्तानी प्रीति करेंगी और रुतुजा दादासो पिसल उनकी डिप्टी होंगी। जूनियर पुरुष टीम 18 से 22 अगस्त तक जबकि जूनियर महिला टीम 19 से 23 अगस्त तक एक्शन में रहेगी। टीम की रवानगी से पहले जूनियर पुरुष कप्तान विष्णुकांत ने कहा, हम वास्तव में इस दौरे का इंतजार कर रहे हैं। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप से पहले अच्छी टीमों के खिलाफ खेलने से हमें सीखने का अच्छा अनुभव मिलेगा। इस बीच, जूनियर महिला कप्तान प्रीति ने कहा, हम प्रशिक्षण सत्र कर रहे हैं। तैयारी वास्तव में अच्छी रही है, और हमारा पिछला प्रदर्शन खिलाड़ियों के लिए काफी आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। हमारे पास दिसंबर में एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप 2023 आ रहा है। इसलिए यह हमारे लिए उन रणनीतियों को लागू करने का एक अच्छा समय होगा जिन पर हम काम कर रहे हैं।



### भारतीय जूनियर पुरुष टीम का शेड्यूल

18 अगस्त - भारत बनाम स्पेन
19 अगस्त - भारत बनाम जर्मनी
21 अगस्त - भारत बनाम इंग्लैंड

### भारतीय जूनियर महिला टीम का शेड्यूल

19 अगस्त - भारत बनाम जर्मनी
20 अगस्त - भारत बनाम इंग्लैंड
22 अगस्त - भारत बनाम स्पेन

# वर्ल्ड कप में तिलक वर्मा का हो सकता है सेलेक्शन : रॉबिन उथप्पा

**लॉडरहिल,** (यूएसए), 14 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज रॉबिन उथप्पा का मानना है कि वनडे विश्व कप टीम में युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा का चयन चयनकर्ताओं और टीम प्रबंधन के बीच चर्चा का विषय होगा। तिलक वर्मा, जिन्होंने अभी तक अपना वनडे डेब्यू नहीं किया है, अपने शुरुआती अंतरराष्ट्रीय दौरे के दौरान टी20 श्रृंखला में भारत के बेस्ट परफॉर्मर के रूप में उभरे हैं। इस युवा बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज में 5 मैचों की टी20 सीरीज में 173 रन बनाए।



वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में जिस तरह का प्रदर्शन तिलक ने किया उसको लेकर काफी चर्चा हो रही है। यहां तक कि उन्हें वर्ल्ड कप में शामिल किए जाने की मांग की जा रही है। इस बीच पूर्व क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा के मुताबिक तिलक वर्मा ने जिस तरह का प्रदर्शन अपने डेब्यू सीरीज में किया है, वो सेलेक्टर्स की नजरों में जरूर होंगे। उथप्पा ने कहा, हम जानते हैं कि वह ऐसा व्यक्ति है जो जिम्मेदार हो सकता है और पांचवें टी-20 मैच में भी पहले दो विकेट गिरने के बाद उसने जिस तरह की साझेदारी की, वो देखना काफी अच्छा था। केएल राहुल, ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर की इंजरी के कारण भारत के मध्य क्रम के सामने आने वाली चुनौतियों के साथ-साथ वनडे में सूर्यकुमार यादव की कठिनाइयों को देखते हुए, ऐसी संभावना है कि तिलक विश्व कप टीम में अंतिम समय में शामिल हो सकते हैं। रॉबिन उथप्पा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि तिलक को भारतीय वनडे टीम में शामिल करने से कप्तान के पास एक स्पिन गेंदबाजी विकल्प और बढ़ जाएगा।

## सीमित ओवर में भारत बेहद सामान्य रहा है : प्रसाद

पूर्व भारतीय गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने वेस्ट इंडीज के विरुद्ध टी20 शृंखला में हार के बाद भारत को 'सामान्य स्तर की सीमित ओवर टीम' बताते हुए आत्मनिरीक्षण की मांग की है। वेस्ट इंडीज ने रविवार को खेले गये निर्णायक टी20 में भारत को आठ विकेट से हराकर पांच मैचों की सीरीज 3-2 से जीत ली। भारत इससे पहले कभी भी पांच मैचों की टी20 शृंखला नहीं हारा था, जबकि विंडीज के विरुद्ध टी20 शृंखला में उसे आखिरी बार 2006 में हार मिली थी। प्रसाद ने सोमवार को ट्वीट किया, भारत कुछ समय से सीमित ओवर क्रिकेट में बेहद ही सामान्य टीम रही है। कुछ महीनों पहले टी20 विश्व कप के लिये भी क्वालीफाई न करने वाली वेस्ट इंडीज ने उन्हें हरा दिया है। हम बंगलादेश से भी (दिसंबर 2022 में) एकदिवसीय शृंखला हारे थे। आशा है कि टीम नासमझी वाले बयान देने के बजाय आत्मनिरीक्षण करेगी। प्रसाद ने कहा कि भारत को खराब प्रदर्शन करते देखना और उसे प्रक्रिया के नाम पर नज़रंदाज़ कर देना दुखद लगता है।

# सिनर ने जीता करियर का पहला मास्टर्स 1000 खिताब

**टोरंटो,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। इटली के 21 वर्षीय प्रतिभावान खिलाड़ी जैनिक सिनर ने कनाडाई ओपन 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के एलेक्स डी मिनौर को हराकर अपने करियर का पहला एटीपी मास्टर्स 1000 खिताब जीत लिया है। सातवीं सीड सिनर ने रविवार को मात्र एक घंटे 30 मिनट चले एकतरफा फाइनल में डी मिनौर को 6-4, 6-1 से मात दी। गैर वरीयता प्राप्त डी मिनौर अपने स्वप्निल कनाडाई ओपन अभियान में दूसरी सीड दानिल मेदवेदेव सहित कई बड़े नामों को पछाड़कर फाइनल तक पहुंचे थे, हालांकि सिनर के आगे वह कोई खास चुनौती पेश नहीं कर सके। सिनर मियामी 2021 और 2023 में अपने पिछले दोनों मास्टर्स 1000 फाइनल हार गये थे लेकिन डी मिनौर के खिलाफ उन्होंने अद्भुत अनुशासन का प्रदर्शन किया। उन्होंने अपने ऑस्ट्रेलियाई प्रतिद्वंदी की सर्विस पांच बार तोड़ी और फैबियो फोगनिनी (मॉन्टे कार्लो 2019) के बाद मास्टर्स 1000 खिताब जीतने वाले दूसरे इतालवी खिलाड़ी बन गये।

सिनर ने जीत के बाद कहा, यह मेरे लिये बहुत मायने रखता है। यह नतीजा शानदार है। मैं अपने करीबी लोगों के साथ इसे हर दिन साझा कर सकता हूं। यह उनके साथ बांटने के लिये एक शानदार पल है। इस जीत से मैं बहुत अच्छा और मज़बूत महसूस करवाया है। इसने मेरे अंदर भविष्य में और अधिक मेहनत करने की भूख जगाई है।

## सार संक्षेप

### सैमसनोवा को हराकर पेगुला बनीं कनाडाई ओपन चैंपियन

**मॉन्ट्रियाल।** अमेरिका की अनुभवी टेनिस खिलाड़ी जेसिका पेगुला ने कनाडाई ओपन 2023 के फाइनल में रूस की लियुडमिला सैमसनोवा को हराकर अपने करियर का दूसरा डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीत लिया है। विश्व की नंबर तीन पेगुला ने रविवार को खेले गये फाइनल में नंबर 18 सैमसनोवा को 6-1, 6-0 से मात दी। सैमसनोवा कुछ घंटों पहले खेले गये सेमीफाइनल में कज़ाकिस्तान की एलिना रिबाकिना को हराकर आ रही थीं इसलिये थकी हुई प्रतिद्वंदी को मात देना पेगुला के लिये अत्यधिक आसान साबित हुआ। साल 2013 में सेरेना विलियम्स की जीत के बाद पेगुला एक दशक में कनाडाई ओपन जीतने वाली पहली अमेरिकी हैं। ग्वाडलाजारा में पिछले साल अपना पहला डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने के बाद पेगुला अब सेरेना और वीनस विलियम्स के साथ एक से अधिक डब्ल्यूटीए 1000 खिताब जीतने वाली तीसरी अमेरिकी खिलाड़ी बन गयी हैं। पेगुला ने जीत के बाद कहा, हम टूर्नामेंट जीतने और हर हफ्ते खिताब जीतने के लिये दौरे पर निकलते हैं, लेकिन टेनिस वास्तव में कठिन हो सकता है जहां आप कभी-कभी बहुत कुछ हार जाते हैं। जब आप बहुत सारे मैच जीत रहे हों, तब भी टूर्नामेंट नहीं जीत पा रहे हों तो स्थिति कठिन हो सकती है। उन्होंने कहा, इस सप्ताह की तरह एक सप्ताह जीतना सभी कोशिशों को सार्थक बना देता है। आप और अधिक के लिये आगे बढ़ना चाहते हैं। मैं कल सिनसिनाटी में तुरंत वापस आऊंगी।

### श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके मैच फिक्सिंग के आरोप में फंसे

**कोलंबो।** कोलंबो में मुख्य मजिस्ट्रेट अदालत ने मैच फिक्सिंग के आरोप में श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके के खिलाफ जांच शुरू होने के बाद उनके विदेश यात्रा पर प्रतिबंध लगा दिया है। मैच फिक्सिंग के संगीन आरोप में घिरे श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सचित्र सेनानायके की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। सेनानायके, जिन्होंने 2012 और 2016 के बीच द्वीप राष्ट्र में एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले, उन पर 2020 में लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान मैच फिक्स करने की कोशिश करने का आरोप लगाया गया है। इस मामले की जांच चल रही है और कोर्ट ने सचित्र के विदेशी यात्रा करने पर तीन महीने का बैन लगा दिया है। पूर्व ऑफ स्पिनर के खिलाफ आपराधिक आरोप लगाने के लिए खेल मंत्रालय की विशेष जांच इकाई (एसआईयू) को अटॉर्नी जनरल (एजी) के निर्देशों के बाद अदालत ने सेनानायके को तीन महीने के लिए देश छोड़ने से रोक दिया।

# टीम अभी बन रही है, उतार-चढ़ाव आएंगे : राहुल द्रविड़

**लॉडरहिल ( यूएसए ),** 14 अगस्त (एजेंसियां)। टीम इंडिया की वेस्टइंडीज से पांच मैचों की टी20 सीरीज में हार के बाद मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपनी टीम का बचाव करते हुए कहा कि यह एक विकासशील टीम है और उन्हें पता है कि फॉर्म में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। उनकी नजर में कम अनुभवी खिलाड़ियों को बरकरार रखा जाना चाहिए। द्रविड़ ने मैच के बाद कहा, हमने 0-2 से पिछड़ने के बाद अच्छा प्रदर्शन किया, लेकिन हम आज जीत नहीं सके। अगर आप पांच मैचों को देखें तो हमने कुछ गलतियां कीं, लेकिन ऐसा हो सकता है।

यह एक युवा और बढ़ती हुई टीम है, इसलिए ऐसे समय आएंगे जब उतार-चढ़ाव होगा। निश्चित रूप से हम निराश हैं... वेस्टइंडीज को श्रेय जाता है। वे एक अच्छी टी20 टीम हैं और अपनी घरेलू परिस्थितियों में खेलते हुए वे विशेष रूप से अच्छा खेलते हैं। वेस्टइंडीज ने रविवार को फ्लोरिडा में पांचवें और अंतिम टी20 मैच में भारत को आठ विकेट से हराकर छह साल के सूखे को तोड़ते हुए पांच मैचों की श्रृंखला अपने नाम कर ली। सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग (85 नॉट आउट) और प्लेयर ऑफ द सीरीज निकोलस पूरन (47) मैच के सितारे थे। वेस्टइंडीज ने दो ओवर शेष रहते भारत के 165/9 के कुल स्कोर का सफलतापूर्वक पीछा किया और यह सुनिश्चित किया कि कैरेबियाई टीम सीरीज में 3-2 से जीत दर्ज करे।

यह 2017 के बाद से वेस्टइंडीज की भारत पर पहली टी20 श्रृंखला जीत थी, जबकि इस हार ने भारत की लगातार 12 द्विपक्षीय श्रृंखलाओं में अजेय रहने के क्रम को तोड़ दिया। एशियाई टीम दो साल से अधिक समय में पुरुषों की टी20 में अपनी पहली सीरीज हारी है।



**ह एक युवा और बढ़ती हुई टीम है, इसलिए ऐसे समय आएंगे जब उतार-चढ़ाव होगा। निश्चित रूप से हम निराश हैं... वेस्टइंडीज को श्रेय जाता है। वे एक अच्छी टी20 टीम हैं और अपनी घरेलू परिस्थितियों में खेलते हुए वे विशेष रूप से अच्छा खेलते हैं: राहुल द्रविड़**

### हार्दिक पांड्या ने खुद पर ली हार की जिम्मेदारी

कप्तान हार्दिक पंड्या ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के निर्णायक मैच में भारत की हार के बाद अपनी गलती स्वीकार कर ली है और कहा है कि जब वह बल्लेबाजी करने आए तो मौके का फायदा नहीं उठा पाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ टीम इंडिया को पांच मैचों की टी20 सीरीज में 2-3 से हार का सामना करना पड़ा है। इस हार के बाद टीम पर कई सवाल उठ रहे हैं। इस बीच कप्तान हार्दिक पांड्या ने खुद पर हार की जिम्मेदारी ली है। हार्दिक पहली पारी के 11वें ओवर में क्रीज पर आए और 18 गेंदों पर सिर्फ 14 रन बना पाए। उन्होंने अपनी पारी की 16वीं गेंद पर अपना पहला और एकमात्र छक्का लगाया। टीम इंडिया ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 165 रन बनाए। जवाब में वेस्टइंडीज ने आठ विकेट और दो ओवर शेष रहते इसे हासिल कर लिया। हार्दिक पांड्या ने कहा, अगर आप देखें, तो जब मैं बल्लेबाजी करने आया, तब तक हम मोमेंटम खो चुके थे। मुझे लगता है कि मैं स्थिति का फायदा नहीं उठा सका और अपना समय लिया लेकिन मैं फिनिश नहीं कर पाया। मुझे लगता है कि लड़कों ने अच्छा खेला लेकिन मैं उस समय उसके अनुसार खेलने में असफल रहा।

कप्तान के तौर पर भी हार्दिक ने कुछ ऐसे कॉल लिए जिससे बहस छिड़ गई है। उन्होंने खेल की शुरुआत में ही अपने तेज गेंदबाजों से ज्यादा ओवर डलवाए, ये एक ऐसा कदम था जिससे टीम को बिल्कुल भी फायदा नहीं मिला। जब हार्दिक से लॉडरहिल में गेंदबाजी में बदलाव का निर्णय लेते समय उनकी विचार प्रक्रिया के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, उस पल मैं ऐसा महसूस करता हूं। मैं इसके बारे में ज्यादा योजना नहीं बनाता। अगर मैं स्थिति को देखता हूं और अगर मुझे विश्वास है कि कौन सा बेहतर विकल्प है। यह कोई रॉकेट साइंस नहीं है, यह तो बस वही है जो उस समय मेरा मन कहता है। हालांकि इन सब के बीच हार्दिक पांड्या ने एक चौंकाने वाला बयान दिया जिसकी हर तरफ चर्चा हो रही है। कप्तान के मुताबिक मैच में हारना भी जरूरी होता है।

# देश

उवाच

जैसे ही लोग भाजपा में शामिल होते हैं, वैसे ही जादुई रूप से भाजपा के शक्तिशाली वॉशिंग मशीन उनके भ्रष्टाचार को साफ कर देती है और उन्हें ईडी-सीबीआई की किसी भी जांच से आसानी से बचा लिया जाता है।

**-ममता बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री**



| तापमान | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| दिल्ली | 34.0 | 27.0 |
| मुंबई | 30.0 | 27.0 |
| कोलकाता | 33.0 | 27.0 |
| चेन्नई | 28.0 | 27.0 |

# एनसीपी का भाजपा में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं : शरद पवार

**पुणे/मुंबई,** (एजेंसियां)। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने सोमवार को दोहराया कि उनकी पार्टी का भाजपा में शामिल होने का कोई सवाल ही नहीं है क्योंकि यह एनसीपी की राष्ट्रीय नीति के अनुरूप नहीं है। 83 वर्षीय राकांपा प्रमुख ने स्पष्ट कर दिया कि उनके गुट से कोई भी भाजपा के साथ नहीं जाएगा, इससे इस संबंध में सभी अटकलें खारिज हो गईं। पवार ने घोषणा की, हमारे कुछ सहयोगियों ने इस मुद्दे पर अलग रुख अपनाया है। हमारे शुभचिंतक ऐसे प्रयास कर रहे हैं। एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में, मैं कहता हूं कि एनसीपी भाजपा के साथ नहीं जाएगी।

**■ एनसीपी प्रमुख ने सभी अटकलों को किया खारिज**

उन्होंने यह भी कहा कि राकांपा के प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल के रिश्तेदार को भाजपा में शामिल करने के लिए प्रवर्तन निदेशालय (ईसी) से नोटिस दिया गया था। पवार ने कहा, केंद्रीय एजेंसियों का दुरुपयोग किया जा रहा है। पाटिल पर दबाव बनाने के लिए उनके रिश्तेदार को ईडी नोटिस भेजा गया है। राकांपा नेता के बयान तब आए, जब उन्होंने और पाटिल ने सप्ताहांत में राकांपा (एपी) नेता और उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ अलग-अलग बैठकें कीं, इसस राजनीतिक अफवाहें उड़ गईं। शरद पवार ने कहा कि अजित उनके भतीजे हैं और वह उनसे परिवार के पितातुल्य के रूप में मिले और सोचा कि यह मीडिया में इस तरह की आधारहीन चर्चा का विषय क्यों



**केंद्रीय एजेंसियों का किया जा रहा है दुरुपयोग : शरद पवार**


बनना चाहिए। बैठकों पर महा विकास अघाड़ी (एमवीए) के साझेदार शिव सेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत की ओर से तीखी प्रतिक्रिया आई, जिन्होंने अफसोस जताया कि इस तरह की बार-बार की जाने वाली कार्रवाइयां सहयोगियों और कार्यकर्ताओं के बीच भ्रम पैदा करती हैं। शरद पवार ने कहा कि एमवीए एकजुट है और सहयोगियों-कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) के बीच भ्रम का कोई कारण नहीं है, क्योंकि इसकी विचारधारा भाजपा के विरोध में है। एक जुलाई को अजित पवार के पार्टी से अलग होने और 2 जुलाई को सत्तारूढ़ शिवसेना-भाजपा सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल होने के लगभग छह सप्ताह बाद राकांपा सुप्रीमो अपनी पहली यात्रा पर अपने गृह नगर बारामती पहुंचे।

## पूरी तरह एकजुट है एमवीए : पवार

एनसीपी के अध्यक्ष शरद पवार ने बारामती में कहा कि एमवीए एकजुट है। 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में होने वाली विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस' की अगली बैठक का सफल आयोजन किया जाएगा। बता दें, एकनाथ शिंदे नीत सरकार में दो जुलाई को अजित पवार के शामिल होने के बाद 82 वर्षीय दिग्गज राजनेता पहली बार अपने गृहनगर पहुंचे थे। एमवीए में शामिल कांग्रेस और शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (शिवसेना-यूबीटी) ने रांकापा प्रमुख से चाचा और भतीजे के बीच इस तरह की मुलाकातों पर भ्रम की स्थिति को साफ करने को कहा था। दोनों नेताओं के बीच लगातार हो रहीं बैठकों ने प्रदेश में राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ा दी हैं। इस पर पवार ने कहा कि एमवीए साथियों के बीच कोई भ्रम की स्थिति नहीं है। हम सब साथ हैं और 31 अगस्त व एक सितंबर को मुंबई में होने वाली 'इंडिया' की बैठक का सफल आयोजन सुनिश्चित करेंगे।

# बिहार में जदयू नेता की गोली मारकर हत्या

**मुजफ्फरपुर,** (एजेंसियां)। बिहार के मुजफ्फरपुर जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने जदयू के एक नेता की गोली मारकर हत्या कर दी। हत्या का कारण पैसे के लेनदेन में विवाद बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक, शनिवार को मोरसंडी पंचायत के जदयू उपाध्यक्ष संजीत राम को अपराधियों ने गोली मार दी थी। रविवार की रात इलाज के दौरान पटना में उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि



संजीत राम का गांव के ही चार लोगों के साथ जमीन कारोबार में करीब 25 लाख रुपये के लेनदेन का विवाद था। इसी बात को लेकर दोनों पक्ष में पहले विवाद शुरू हुआ। देखते ही देखते मामला खूनी खेल में बदल गया। बात इतनी बढ़ी कि दूसरे पक्ष ने संजीत राम को दो गोली मार दी। गोली लगते ही संजीत राम नीचे गिर गए। उन्हें मरा हुआ समझकर अपराधी फरार हो गए। इसके बाद आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में उनका इलाज कराया गया। उसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें पटना रेफर कर दिया।

इलाज के दौरान पटना में संजीत राम ने दम तोड़ दिया। इस मामले में मृतक के परिजन द्वारा एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें चार लोगों को आरोपी बनाया गया है। मुजफ्फरपुर (पश्चिमी) के पुलिस उपाधीक्षक अभिषेक आनंद ने कहा कि इस मामले में चार लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रथम दृष्ट्या लेनदेन की बात बताई गई है। हत्या के पीछे क्या कुछ वजह है, सभी बिंदुओं पर पुलिस की टीम जांच पड़ताल कर रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा होगा।

# अपनी उन्नति के साथ देश की प्रगति के लिए करें काम : ओम बिरला

**नई दिल्ली,** (देशबन्धु)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि हम चाहे किसी भी क्षेत्र में हो, चाहे शिक्षक हो, डॉक्टर हो, मजदूर हो, किसान हो, समाज सेवक हो, जनप्रतिनिधि हो या विद्यार्थी हो; हम जो भी कार्य करें, अपने देश को समर्पित करें। हम अपनी उन्नति के साथ देश की प्रगति के लिए भी काम करें। उन्होंने कहा कि सभी को भारत के 77वें स्वतंत्रता दिवस पर हार्दिक बधाई और अनेक शुभकामनाएं। मेरी कामना है कि भारत का यह राष्ट्रीय पर्व आपके जीवन में राष्ट्र सेवा और राष्ट्र के लिए समर्पित होने की भावना का संचार करे, आपके जीवन में अनेक खुशियां लाए। स्वतंत्रता दिवस वह पर्व है जब हम अपने स्वतंत्रता सेनानियों और संविधान के मनीषियों को याद करते हैं, अपने राष्ट्र-नायकों को स्मरण करते हैं,



जिन्होंने देश की आजादी के लिए अपना सब कुछ बलिदान कर दिया था। और स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद उन्होंने एक नए एवं समर्थ राष्ट्र के निर्माण में योगदान दिया। उनके प्रयासों का ही परिणाम है कि आज हमारा देश एक मजबूत लोकतान्त्रिक देश के रूप में विश्व के राष्ट्रों में अग्रिम पंक्ति पर है। पिछले 77 वर्षों की लोकतान्त्रिक यात्रा में हमारे देश ने विकास और प्रगति के नए शिखर प्राप्त किए हैं, समाज के सभी वर्गों में खुशहाली आई है।

**■ लोस अध्यक्ष ने स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर लोगों को बधाई दी**

## संसद का नया भवन नए राष्ट्र की आशाओं का भव्य प्रतीक

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि हमारी संसद का नया भवन नए राष्ट्र की आशाओं और आकांक्षाओं का भव्य प्रतीक है। परंतु आज इस सस्वतंत्रता दिवस के दिन हमें एक संकल्प भी लेना है। आजादी के अमृत महोत्सव के बाद अब हमारे देश के अमृत काल का आरंभ हो रहा है। और इस अमृत काल में हम में से प्रत्येक व्यक्ति, प्रत्येक युवा, प्रत्येक नागरिक आज यह संकल्प ले कि हम अपने हर कार्य, अपने हर प्रयास, अपनी हर सोच के केंद्र में राष्ट्र को रखें ताकि अगले 25 वर्षों में जब हम अपनी आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहे हों, तो हमारा देश विकसित राष्ट्रों की अग्रिम पंक्ति में खड़ा हो। आज यह हमारा संकल्प हो। हमें आजादी के लिए लड़ने का अवसर तो नहीं मिला, लेकिन देश के लिए कुछ करने का अवसर अवश्य मिला है। हम यह संकल्प लें कि हम अपने राष्ट्र के लिए हर दायित्व को पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे।

## सार संक्षेप

### बारामूला में ड्रग तस्कर का घर सील, नगदी जब्त

**श्रीनगर।** पुलिस ने सोमवार को जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में ड्रग तस्कर के घर को सील कर दिया तथा 69.20 लाख रुपये नगद जब्त कर लिया। पुलिस ने बताया कि कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उरी के नामब्ला निवासी गुलाम रसूल शेख नामक ड्रग तस्कर के 21.97 लाख कीमत के डबल स्टोरी घर को सील कर लिया तथा 69.20 लाख रुपए जब्त कर लिए। पुलिस ने बताया कि संलग्न किए गए घर को लेकर उरी थाने में एनडीपीएस कानून के तहत प्राथमिकी संख्या 81/2023 यू/एस 8/21, 29 दर्ज की गई थी। जांच से साबित हुआ कि उक्त अचल/चल संपत्ति मादक पदार्थ के तस्करों द्वारा अवैध तस्करी से बनाई गई थी।

### हैदराबाद के आरजीआईए में 14.84 लाख का सोना जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना की राजधानी हैदराबाद के निकट शमशाबाद में राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने सोमवार को यात्री के पास से 246 ग्राम सोना जब्त किया है। सीमा शुल्क विभाग के सूत्रों ने बताया कि शारजाह से आए यात्री के पास से सोना जब्त किया गया। उन्होंने कहा कि जब्त की गई धातु की कीमत 14.48 लाख रुपये आंकी गई है। उन्होंने बताया कि यात्री ने सोना बैग के जिप होल्डर में छुपाया हुआ था।

### पठानकोट में बीएसएफ ने पाक घुसपैठिये को मार गिराया

**चंडीगढ़।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सोमवार को पंजाब के पठानकोट सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को मार गिराया। बीएसएफ के एक बयान में कहा गया है कि लगभग 12.30 बजे बीएसएफ जवानों ने पठानकोट जिले के सिंबल सकोल गांव के पास सीमा बाड़ के आगे एक पाकिस्तानी घुसपैठिए की संदिग्ध हरकत देखी। इसमें कहा गया है कि घुसपैठिए को बार-बार चुनौती दी गई और बाद में आसन्न खतरे को रोकने के लिए आत्मरक्षा में उसे मार गिराया गया। 11 अगस्त को बीएसएफ ने तरनतारन सेक्टर में एक पाकिस्तानी घुसपैठिए को उस वक्त मार गिराया था, जब वह सीमा पार करने की कोशिश कर रहा था।

### एनआईए ने कोल्हापुर में तीन युवकों को हिरासत में लिया

**कोल्हापुर।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के अधिकारियों ने सोमवार को महाराष्ट्र में कोल्हापुर जिले इस जिले के इचलकरंजी और हुपारी शहर में तीन स्थानों पर छापे मारे तथा स्वतंत्रता दिवस के मद्देनजर संदेह के आधार पर तीन युवकों को हिरासत में लिया। उन्होंने छापे के दौरान आतंकवादियों के साथ संबंध और महत्वपूर्ण दस्तावेज जब्त किए गए।

# बिहार के कई जिलों में बाढ़ का खतरा



**पटना,** (एजेंसियां)। कोसी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में हुए अत्यधिक बारिश के कारण कोसी के जलस्तर में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, इससे कोसी के आसपास वाले क्षेत्रों में बाढ़ की स्थिति बिगड़ने की संभावना है।

बिहार के जल संसाधन मंत्री संजय कुमार झा ने सोमवार को सुबह ट्वीट कर लिखा कि नेपाल में कोसी नदी के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के कारण सुबह वीरपुर स्थित कोसी बराज पर अधिकतम 4,62,345 क्यूसेक जलस्राव दर्ज किया गया है। इससे कोसी नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना है। उन्होंने आगे लिखा कि बाढ़ से सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं अभियंता अलर्ट हैं और सभी तटबंधों की दिन-रात निगरानी की जा रही है।

इधर, जल संसाधन विभाग के मुताबिक, वीरपुर बराज पर सुबह अधिकतम 4,62,345 क्यूसेक जलस्राव दर्ज किया गया है, जो इस वर्ष का अधिकतम जलस्राव प्रवाहित हुआ है। वर्ष 1989 के उपरांत अबतक का यह अधिकतम जलस्राव है। उललेखनीय है कि कोसी नदी नेपाल प्रभाग से सुपौल जिलान्तर्गत वीरपुर में भारत भू-भाग में प्रवेश करती है।

# मध्य प्रदेश में शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी : कांग्रेस

**भोपाल,** (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश में 50 फीसदी कमीशनबाजी का आरोप लगाने वाली कांग्रेस के नेताओं के तरकश से आरोपों के तीर निकल रहे हैं। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अरुण यादव ने जहां शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी की आशंका जताई है तो पूर्व मीडिया विभाग के उपाध्यक्ष सैयद जाफर ने बोर्ड परीक्षा के पर्चों को लीक कराने में शामिल भाजपा नेताओं व अफसरों को बचाने के आरोप लगाए हैं। राज्य में विधानसभा चुनाव करीब है और कांग्रेस के भाजपा सरकार पर हमले तेज हो चले हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने 50 फीसदी कमीशन का आरोप लगाया, जिसमें उन्हें कांग्रेस के नेताओं का साथ मिला और यह मामला सियासी गलियारों से पुलिस थाने तक पहुंच गया है। अब यादव ने शिक्षक भर्ती में गड़बड़ी का आरोप लगाया है। यादव ने ट्वीट कर कहा, शिक्षक भर्ती में फिर से गड़बड़ी सरकार ने दो मई 2023 को 7500 शिक्षक भर्ती वर्ग तीन का विज्ञापन निकाला। लिखित परीक्षा पास करने के बाद काउंसिलिंग के लिए 6500 से अधिक चयनित शिक्षकों को बुलाया। यानी विज्ञापन से 1000 कम। फिर 10 अगस्त को निकाले एक आदेश के अनुसार अभी तक जिलेवार नियुक्ति सिर्फ 5500 शिक्षकों की हुई। चयनित शिक्षक इस बात से परेशान हैं कि आखिर सरकार ने 2000 पदों का क्या किया? चयनित शिक्षकों को इसका जवाब देने को कोई तैयार नहीं है। वहीं, कांग्रेस के मीडिया विभाग के पूर्व उपाध्यक्ष सैयद जाफर ने बोर्ड परीक्षाओं के पर्चे लीक होने का मामला उठाया। उन्होंने कहा, मध्य प्रदेश की भ्रष्ट सरकार ने स्वीकारा पेपर लीक घोटाला,10वीं एवं 12वीं के पेपर हुए हैं लीक। इस मामले में बड़े नेताओं एवं बड़े अधिकारियों को भाजपा सरकार बचा रही है। जांच में प्रिंसिपल, टीचर एवं चपरासी के शामिल होने के सबूत मिले हैं। जाफर ने आगे कहा है कि इतना बड़ा घोटाला बिना सरकार के मंत्रियों एवं बड़े अफसर के सहयोग के नहीं हो सकता है। घोटाले की वजह से योग्य बच्चे निराश हैं कमीशनखोरी बच्चों का भविष्य निगल गई है।

**■ विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस ने भाजपा पर किए हमले तेज**



**लिखित परीक्षा पास करने के बाद काउंसिलिंग के लिए 6500 से अधिक चयनित शिक्षकों को बुलाया : अरुण यादव**

## महाकाल के दरबार में कमलनाथ ने लगाई अर्जी

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले एक तरफ जहां जीत के लिए सियासी गुणा-भाग हो रहा है तो देवताओं के दर पर दस्तक देने में भी कोई पीछे नहीं है। इसी क्रम में कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष कमलनाथ ने उज्जैन में बाबा महाकाल के दरबार में पहुंचकर पूजा-अर्चना की और एक अर्जी भी लगाई। वहीं, केंद्रीय मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते ने कार्यकर्ताओं से अनजाने में भी हुई गलती के लिए माफी मांगी है। पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सोमवार को उज्जैन पहुंचे, जहां उन्होंने पूजा-अर्चना की और शाही सवारी में भी हिस्सा लिया। कमलनाथ ने भगवान महाकाल के दरबार में अर्जी लगाई। कमलनाथ ने जो अर्जी लगाई है, उसमें लिखा है-जय महाकाल, भगवान श्री महाकाल के चरणों में इस अकिंचन का दंडवत प्रणाम। हे अविनाशी, मैं मध्य प्रदेश की समस्त दुखियारी प्रजा की ओर से आपसे अरज करता हूं कि मेरा मध्य प्रदेश भ्रष्टाचार के दलदल में डूबता जा रहा है। भ्रष्टाचार की जननी पार्टी (भाजपा) के 50 प्रतिशत के कमीशन राज ने घोटालों में किसी को नहीं छोड़ा है। इस अर्जी में आगे लिखा है गर्भवती महिलाओं के पोषण आहार से लेकर प्रभु स्वयं आपके महाकाल लोक के निर्माण तक में भ्रष्टाचार हुआ है। पूरी प्रजा इस कमीशन राज से त्राहि-त्राहि कर रही है। जो इस अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाता है, उस पर झूठे मुकदमे डाल दिए जाते हैं और हर तरह से प्रताड़ित किया जाता है।

# ईडी के सामने पूछताछ को नहीं पहुंचे हेमंत

**रांची,** (एजेंसियां)। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन सोमवार को ईडी के समक्ष हाजिर नहीं हुए। उन्हें एजेंसी ने जमीन घोटाला मामले में समन किया था। हेमंत सोरेन के विशेष दूत ने दोपहर बाद ईडी के रांची जोनल ऑफिस को एक सीलबंद लिफाफा सौंपा। बताया जा रहा है कि हेमंत सोरेन ने स्वतंत्रता दिवस और अन्य व्यस्तताओं का हवाला देते हुए समय देने की मांग की है।

इसके पहले ईडी ने माइनिंग घोटाले में भी हेमंत सोरेन से बीते साल 22 नवंबर को लगभग दस घंटे तक पूछताछ की थी। अब एजेंसी उनसे जमीन घोटाले के मामले में सवाल-जवाब करना चाहती है। ईडी रांची के जमीन घोटाले में पूर्व डीसी छवि रंजन, रांची के न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल, कोलकाता के कारोबारी दिलीप कुमार घोष व अमित कुमार अग्रवाल सहित अब तक 14 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। इन सभी अभियुक्तों से कई राउंड की पूछताछ हुई है। सूत्रों के मुताबिक इस घोटाले में ईडी को कुछ ऐसे साक्ष्य हाथ लगे हैं, जिसके आधार पर वह सीएम से पूछताछ करना चाहती है। बता दें कि जमीन घोटाले का पहला जो मामला सामने आया था, उसमें रांची में सेना के कब्जे वाली तकरीबन साढ़े चार एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री गलत तरीके से तैयार किए गए कागजात के आधार पर की गई थी। इस मामले का खुलासा रांची के तत्कालीन आयुक्त नितिन मदन कुलकर्णी ने अपनी एक जांच रिपोर्ट में की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि फर्जी नाम और पते के आधार पर सेना की जमीन पर अवैध कब्जा किया गया है। रांची नगर निगम ने मामले की शिकायत दर्ज कराई।

इसके बाद ईडी ने इसी प्राथमिकी को इसीआईआर के रूप में दर्ज कर जांच शुरू की। नवंबर 2022 में व्यापारी विष्णु अग्रवाल, अमित अग्रवाल के ठिकानों पर छापा पड़ा था। इस छापे में कई अहम दस्तावेज ईडी के हाथ लगे। ईडी ने दूसरी बार 13 अप्रैल को रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन, बड़गाईं अंचल के अंचलाधिकारी मनोज कुमार, कर्मचारी भानु प्रताप समेत जमीन के कारोबार से जुड़े 21 ठिकानों पर छापा मारा था।



**■ विशेष दूत ने पहुंचाया सीलबंद लिफाफा**

# एनईईटी के विरोध में उतरे सीएम स्टालिन

**चेन्नई,** (एजेंसियां)। नीट परीक्षा में असफल होने के बाद एक अभ्यर्थी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जिसके गम में पिता ने भी अपनी जान दे दी। इस मामले में तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) के खिलाफ जमकर हमला बोला है। जगदीश्वरन (19) नीट की तैयारी के लिए कोचिंग कर रहा था। बार-बार असफल होने का सदमा बर्दाश्त नहीं कर सका और छात्र ने शनिवार को चेन्नई के क्रोमपेट स्थित आवास पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बेटे के गम में पिता ने भी अपनी जान दे दी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि नीट परीक्षा को हटाया जा सकता है। किसी भी स्थिति में किसी भी छात्र को अपनी जान नहीं देनी चाहिए। मुख्यमंत्री स्टालिन ने कहा कि वह छात्र जगदीश्वरन और उनके पिता सेल्वासेकर की आत्महत्या की खबर सुनकर स्तब्ध है। नीट पास नहीं कर पाने के कारण मेधावी छात्र की मौत दुखद है। उन्होंने यह भी कहा कि छात्रों के लक्ष्य में बाधक नीट को हटाया जा सकता है।

**■ नीट में असफल होने पर बेटे के बाद पिता की मौत पर जताया दुख**

# कर्नाटक में अगले शैक्षणिक वर्ष से एनईपी होगी खत्म : सिद्दारमैया

**बेंगलुरु,** 14 अगस्त (एजेंसियां)। कांग्रेस शासित कर्नाटक की सरकार ने सोमवार को घोषणा की कि वह अगले शैक्षणिक वर्ष से पिछली भाजपा सरकार द्वारा लागू राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को खत्म कर देगी। पार्टी सदस्यों की आम बैठक का उद्घाटन करने के बाद केपीसीसी कार्यालय में बोलते हुए मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने घोषणा की, पिछली भाजपा सरकार द्वारा लागू की गई एनईपी को अगले शैक्षणिक वर्ष से खत्म कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि एनईपी को खत्म करने से पहले कुछ आवश्यक तैयारी करनी होगी। चालू शैक्षणिक वर्ष में इसके लिए समय उपलब्ध नहीं था। चुनाव के बाद जब सरकार बनी तो शैक्षणिक वर्ष शुरू हो गया था। उन्होंने कहा कि एनईपी को अचानक खत्म करने की स्थिति में छात्रों को होने वाली कठिनाइयों को ध्यान में रखते हुए एनईपी इस शैक्षणिक वर्ष में जारी रहेगी। सीएम सिद्दारमैया ने आरोप लगाया, एनईपी को छात्रों, अभिभावकों, शिक्षकों और व्याख्याताओं के कड़े विरोध का सामना करना पड़ रहा है।

भाजपा ने राज्य में एनईपी को प्रयोगात्मक आधार पर लागू करके राज्य के छात्रों के हितों का बलिदान कर दिया है। सभी राज्यों में इसे लागू नहीं किया गया है। उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने घोषणा की थी कि कांग्रेस राज्य में एनईपी लागू नहीं करेगी। उन्होंने कहा था कि इसकी बजाय सरकार एक नई शिक्षा नीति बनाएगी।



**■ भाजपा ने राज्य के छात्रों के हितों का बलिदान कर दिया**

राजनीति

*मप्र में 50 फीसदी कमीशन के आरोपों पर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने*

# प्रियंका समेत अन्य नेताओं पर 41 जिलों में एफआईआर हुई दर्ज

भोपाल, (एजेंसियां)। विधानसभा चुनाव से पहले एक कथित चिट्ठी ने मध्य प्रदेश की सियासत में हलचल मचा दी। इस कथित पत्र को लेकर कांग्रेस-भाजपा आमने सामने हो गए हैं। कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने मामले में ट्वीट से प्रदेश की बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं।


इसमें ठेकेदारों के एक संगठन द्वारा कथित तौर पर 50 फीसदी कमीशन देने पर भुगतान देने मिलने का आरोप लगाया है, जो जबलपुर हाईकोर्ट को लिखी गई थी। इधर, बीजेपी ने प्रियंका गांधी के आरोपों को झूठा बताते हुए, उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई है।

कांग्रेस का दावा है कि मध्य प्रदेश के प्रियंका समेत अन्य नेताओं पर 41 जिलों में ये एफआईआर दर्ज हुई हैं। प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ, पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव और जयराम रमेश समेत अन्य नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद कांग्रेस पार्टी आक्रमक मोड में आ गई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अरुण यादव ने कहा कि, राज्य में 50 प्रतिशत कमीशनखोरी की सरकार काम कर रही है। हमने इसके खिलाफ आवाज उठाई।

इसे लेकर उन्होंने मेरे, प्रियंका गांधी वाड्रा, पूर्व मुख्यमंत्री कमल नाथ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। पहले हम गोरों से लड़े थे अब हम इनके खिलाफ लड़ना जारी रखेंगे। प्रदेश कांग्रेस के एक नेता ने चर्चा में कहा कि प्रदेश सरकार अगर गिरफ्तारी की कार्रवाई नहीं करती है तो कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी समेत अन्य नेताओं को खुद से होकर भोपाल के थाने में गिरफ्तारी के लिए पहुंच जाना चाहिए। इसी तर्ज पर हर जिले में कांग्रेस के नेताओं को प्रियंका की तर्ज पर गिरफ्तारी देना चाहिए।

इससे प्रदेश में कांग्रेस के समर्थन में एक माहौल तैयार होगा इसका सीधा फायदा पार्टी को चुनाव में नजर आएगा। मध्यप्रदेश के वरिष्ठ पत्रकार ऋषि पांडे कहते है कि, अगर प्रियंका की गिरफ्तारी होती है तो सारे कार्यकर्ता उनके साथ सड़कों पर जा जाएंगे। इससे सीधा फायदा कांग्रेस पार्टी होगा।

प्रदेश में फिर से कांग्रेस के पक्ष में माहौल नजर आएगा। लेकिन एफआईआर मामले में भाजपा कांग्रेस से आगे नजर रही है। एक दिन में इस पत्र को फर्जी बताकर इसकी हवा निकले में जुट गए। भाजपा को इसका फायदा जब तब है तब तक प्रियंका यहां आकर गिरफ्तारी नहीं देती या ठेकेदार संघ का अध्यक्ष आगे आकर कोई बयान नहीं देता। अगर ठेकेदार संघ का अध्यक्ष सामने आकर इस पत्र की पुष्टि करता है तो फिर यह पत्र भाजपा के लिए मुसीबत बन जाएगा। भोपाल में क्राइम ब्रांच के डीसीपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी ने कहा कि, ये एफआईआर आईपीसी की धारा 469, 500 और 501 के तहत दर्ज की गई।



**■ एफआईआर दर्ज होने के बाद आक्रमक मोड में आई कांग्रेस**


अपेक्स बैंक
बिन सहकार नहीं उद्धार
AUGUST 15
INDIA INDEPENDENCE DAY
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
राजेंद्र गौड
ब्रांच मैनेजर
इटावाकलां
दिलीप सिंह राजपूत
पर्यवेक्षक
इटावाकलां
ओमप्रकाश जिनोदिया
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, इटारसी
पुष्पेंद्र सैनी
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, छिपानेर
विनोद यादव
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बालागांव
अशोक गौर
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, डोबा
अशोक सांवरिया
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, पिपलानी
दीपक यादव
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, वासुदेव
प्रदीप वर्मा
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, बाईबोडी
दिलीप सिंह राजपूत
सहायक प्रबंधक
सेवा सहकारी समिति, निमोटा
सौजन्य से: सेवा सहकारी समिति संस्था इटावाकलां
बालागांव, वासुदेव, छिपानेर, डोबा, बाईबोडी, पिपलानी, इटारसी


अपेक्स बैंक
बिन सहकार नहीं उद्धार
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
खुशीलाल बारेला
ब्रांच मैनेजर
भैरूंदा
कमल सिंह ठाकुर
पर्यवेक्षक
भैरूंदा
अरूण यादव
सचिव
सेवा सहकारी समिति, राला
दिनेश यादव
सचिव
सेवा सहकारी समिति, डिमावर
राजेन्द्र पंवार
सचिव
सेवा सहकारी समिति, सतराना
राधेश्याम कीर
सचिव
मोहन पंवार
सचिव
कृपाराम मालवीय
सचिव
हरिओम यादव
सचिव
गोविंद पंवार
सचिव
कैलाश पवार
सचिव
जिला सहकारी केंद्रीय बैंक, भैरूंदा


स्वतंत्रता दिवस
की समस्त
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
अशफाक मंसूरी
पार्षद वार्ड नं. 08


स्वतंत्रता दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
ए.आर
कन्शट्रेक्शन
सीहोर नाका
भैरूंदा
ईशान अली
जिशान अली


गांव तथा अपने घर के आस-पास
स्वच्छता बनायें रखे
श्री प्रवीण सिंह
कलेक्टर
जिला-सीहोर
श्री आशीष तिवारी
सीईओ, जिला पंचायत
सीहोर
सभी देशवासियों
को स्वतंत्रता दिवस की
हार्दिक शुभकामनाएं
श्री प्रबल अरजरिया
सीईओ, जिला पंचायत
भैरूंदा
ग्राम पंचायत बोरखेड़ा कलॉ
ग्राम पंचायत हालियाखेड़ी
ग्राम पंचायत चौरसाखेड़ी
ग्राम पंचायत बालागॉव
ग्राम पंचायत पांचौर
सौजन्य से - जनपद पंचायत, भैरूंदा


आर.एस.पंवार कन्ट्रक्शन, नसरूल्लागंज
की ओर से
समस्त
क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
रामस्वरूप पंवार (ठेकेदार)
सोनू पंवार
विपिन पंवार
मोहित पंवार


संचालक विजेन्द्रकुमार शर्मा
SHUBHAM CONVENT HR. SEC. SCHOOL
NASRULLAGANJ
स्वतंत्रता दिवस
शुभम कान्वेंट
हायर सेकेण्डरी स्कूल परिवार, भैरूंदा
की ओर से समस्त
क्षेत्रवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं